वर्ष : 33 ▸ अंक : 204 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# सौगात पर सौगात

## ▸▸ प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

## ▸▸ 10 मेडिकल कॉलेजों का भी उद्घाटन

**अमित बृज | मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में नागपुर के डॉ। बाबासाहेब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उन्नयन और शिरडी हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का शिलान्यास शामिल है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन भी किया। उन्होंने भारतीय कौशल संस्थान, मुंबई और महाराष्ट्र के विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन किया। विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज महाराष्ट्र विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### पिछले हफ्तों में कई परियोजनाओं की शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने का कि कुछ दिन पहले भी महाराष्ट्र में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते यहां 30 हजार के प्रोजेक्ट शुरू करने का मौका मिला था। वहीं प्रदेश के कई जिलों में हजारों करोड़ की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। शहरों में मेट्रो और एयरपोर्टों को अपग्रेड और विस्तार किया जा रहा है। पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र में आज इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जा रहा है। सोलर एनर्जी, टेक्सटाइल पार्क को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों के हित में पशु पालकों के लिए कई तरह की पहल की गई हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में युवाओं को अवसर देने का प्रयास किया जा रहा है। 10 नये मेडिकल कॉलेज प्रदेश के युवाओं के सपनों को पूरा करेंगे।

### मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमारी सरकार ने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ है। महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इसकी खुशी मनाई है। आज महाराष्ट्र के गांव-गांव से मुझे खुशी के संदेश भी भेज रहे हैं।

### कांग्रेस पार्टी पर भी पीएम ने किया कटाक्ष

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कांग्रेस पार्टी पर भी जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में किसानों, दलितों और युवाओं को गुमराह करने का पूरा प्रयास किया। लेकिन जनता ने मिलकर कांग्रेस को अंजाम सिखा दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर समाज में जातिवाद और सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का फॉर्मूला हमेशा समाज को बांटने वाला रहा है।

दायित्वनामा

## राजनीति, समाज और जीवन में बढ़ती गर्मी



आज 8 अक्टूबर 2024 का दिन भारतीय समाज, राजनीति और आम जनजीवन के लिए काफी गर्म रहा। समाज और राजनीति में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम को लेकर गर्मी रही तो मुंबई के 35 डिग्री टेंपरेचर ने लोगों के पसीने निकालकर उन्हें बेचैन किया।



**अरुण लाल**
arunlal.y@gmail.com

पहले हम बात करते हैं कि चुनाव परिणाम की, जहां भारतीय जनता पार्टी अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए हरियाणा में तीसरी बार भारी बहुमत से सत्ता में आई। चुनाव परिणाम ने हमें बताया कि वर्तमान सर्वे, पत्रकारों की रिपोर्ट और चुनाव विश्लेषकों की बनाई गई हवा सब बेकार की बातें हैं। एक बार फिर बीजेपी ने साबित किया कि वे अपनी मेहनत और रणनीति से बहुत खराब माहौल दिखने के बावजूद फैसला अपने हक में लेने में सक्षम है। जीत का सेहरा बांधे बीजेपी के नेताओं में उत्साह है, और विपक्ष चकित सा उनकी विजय को संदेह से देख रहा है। हमने देखा है कि अक्सर हारने वाला जीतने वाले की जीत को संदेह से देखता है, पर क्या वास्तव में किसी दल को दूसरे की जीत को संदेह से देखने से कोई पुस मिलेगा या हार के बाद यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि जीतने वाला किसी न किसी मामले में हमसे आगे है। आज के दौर में यह भी नहीं कहा जा सकता कि सामने वाले ने चालाकी से यह किया है, क्योंकि यदि ऐसा है भी तो आपको उस चालाकी को रोकने या उससे बड़ी चालाकी करने का पूरा अधिकार भारतीय लोकतंत्र देता है। खैर हम यहां किसी दल के मैनेजमेंट अच्छा या खराब नहीं बता रह हैं, हम यहां बात करना चाहते हैं जीवन के असली जादू का जो मेहनत, लगन और जीजीविसा से पैदा किया जाता है।

महात्मा बुद्ध के सूमूचे ज्ञान को समेटा जाए, तो वे कहते हैं कि सजग रहो। बुद्ध कहते हैं कि यदि आप सजग रहना सीख जाएंगे तो आपका जीवन बेहतर होगा आप बेहतर समाज बनाने में योगदान दे सकेंगे। पर क्या भारतीय समाज, राजनीति सजग है..! भीषण गर्मी से जूझने वाले लोग पर्यावरण पर मरी हुई चर्चाएं करते हैं। मरी हुई चर्चा का अर्थ यह है कि किसी विषय पर बड़ी-बड़ी बातें करना और अपने कर्म में उसे स्थान न देना। गर्मी से बचने के लिए बहुतायत घरों में एसी लगने लगे हैं, बसों में ट्रेनों में एसी लगाई जा रही है, लोग इससे गर्मी से निजात पाना चाहते हैं, पर क्या ऐसा संभव है! हम समझते हैं कि गर्मी से निजात तभी मिलेगी जब हम पार्यावरण से कम छेड़छाड करेंगे और अपने घरों में पौधे व बाहर बड़े पैमाने पर वृक्ष लगाएंगे। एक उदाहरण और इधर नवरात्रि में लोग सात्विक हो गए हैं। बहुत सारे लोग नौ दिन का उपवास कर रहे हैं, तो बहुसंख्यक लोगों ने मास-मदिरा छोड़ दी है। साफ-सफाई से रहने, खान-पान पर विशेष जोर दिया जा रहा है, पर क्या ईश्वर को इस बात से फर्क पड़ता है कि आप उपवास हैं, या आप इन नौ दिनों में क्या खा रहे हैं, क्या पी रहे हैं! या ईश्वर चाहता है कि आप नौ दिनों के इस व्रत में बेहरतर इंसान बनें, कम से कम इन नौ दिनों किसी तरह के गलत काम, झूठ, बेईमानी और मक्कारी से बचें! पर आज का मानव अपनी सुविधा से हर काम करता है। और उसे अपने मन के हिसाब से परिणाम नहीं मिलते जब परिणाम उसकी सोच से अलग आता है, तो वे दुनिया भर के बहाने सोच कर खुद को संतुष्ट कर लेते हैं।

यहां हम अपना दायित्व समझते हैं कि लोगों को बताएं कि राजनीति, धरती और मानव जीवन में यह गर्मी इसलिए बढ़ी है कि हमारी कथनी करनी में व्यापक अंतर है। भारतीय जनता पार्टी पूरी लगन से, कठोर मेहनत से चुनाव जीतने में जुटी, सो उसे विजय मिली, हम पर्यावरण को लेकर बातें ही करते हैं, तो हमें गर्मी मिली, ईश्वर के नाम से सिर्फ ढोंग करने वालों को निराशा मिलती है।

वास्तव में हम जीवन के जादू में यकीन करते हैं और सच यह है कि जादू पैदा करने में बहुत मेहनत लगती है, सही समय पर सही निर्णय लेने पड़ते हैं, यहां एक भी चूक को स्थान नहीं होता। और जो जादू नहीं कर पाते वे कहते हैं कि यह हांथ की सफाई भर है पर मेरे दोस्त हाथ की सफाई में बहुत मेहनत और प्रैक्टिस लगती है।

न्यूज़ ब्रीफ

### संजय राउत पर भोपाल क्राइम ब्रांच में FIR दर्ज

**मुंबई/भोपाल।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत पर भोपाल क्राइम ब्रांच ने FIR दर्ज की है। यह मामला भाजपा महिला मोर्चा की नेता सुषमा चौहान की शिकायत के बाद दर्ज किया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राउत ने लाड़ली बहना योजना की छवि को धूमिल करने और झूठी अपवाह फैलाने का काम किया है। भाजपा महिला मोर्चा की नेता सुषमा चौहान ने रावत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि रावत ने जानबूझकर लाड़ली बहना योजना की छवि को धूमिल किया और झूठी जानकारी फैलाई। भोपाल के एसीपी मुख्तार कुरैशी ने इस मामले की जांच के बाद FIR दर्ज की।

### हाईकोर्ट में बीसीआई प्रमुख से जुड़ी याचिका खारिज, जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** याचिका में की थी बीसीआई प्रमुख मनन मिश्रा को राज्यसभा से हटाने की मांग नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में कथित रूप से लाभ का पद धारण करने के लिए राज्यसभा से अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने कहा कि वकील अमित कुमार दिवाकर द्वारा दायर याचिका में कोई दम नहीं है। यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इसलिए याचिकाकर्ता पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना राशि चार सप्ताह के भीतर दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा करने का निर्देश दिया जाता है।

शिंदे सरकार का बड़ा फैसला

## OBC में शामिल होंगी 15 जातियां

**राजा आदाटे | मुंबई**

महाराष्ट्र में मनोज जरांगे मराठा को अन्य पिछड़े वर्ग में शामिल करने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। इस बीच बुधवार को राज्य की शिंदे सरकार ने एक बड़ा फैसला किया है। शिंदे सरकार ने महाराष्ट्र में 15 जातियों को ओबीसी की सूची के लिए अनुशंसित किया है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी की सूची में नई जातियों को शामिल करने की सिफारिश की है। इसलिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा अनुशंसित जातियों को ओबीसी में शामिल करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की ओर से जातियों की सूची केंद्र सरकार को सौंप दी गई है। इन सभी 15 जातियों की आबादी करीब 10 लाख है।



### चुनाव में महायुति को मिल सकता है फायदा

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से राज्य की 15 जातियों को ओबीसी में शामिल करने की सिफारिश की है। अगर इन 15 जातियों को राज्य में ओबीसी कोटे में आरक्षण मिलता है तो इसका सीधा फायदा आगामी चुनाव में महायुति को मिलने की संभावना है। क्योंकि राज्य में इन 15 जाति के नागरिकों की आबादी 10 लाख है। इसलिए 10 लाख वोटों की संख्या महागठबंधन के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### ओबीसी में शामिल होंगी ये जातियां

- बड़गुजर
- सूर्यवंसी गूजर
- गूजर को ले लो
- रेव गूजर
- पोवार, भोयर, पवार
- कॉफी की दुकान
- मुन्नार कापेवार
- मुन्नार को काट दो
- तेलंगाना
- तेलंगी
- पेंटर रेड्डी
- इंतज़ार
- लोढ़ा लोढ़ा लोधी
- डंगरी

## महाराष्ट्र में वंचित बहुजन अघाड़ी ने MVA की बढ़ाई टेंशन

**धीरज सिंह | मुंबई**

हरियाणा चुनाव के नतीजे ने महाविकास अघाड़ी में खलबली मचा दी है। कांग्रेस पर शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत के ताजा बयान से चुनावी सियासत शुरू हो गई है। इस बीच वंचित बहुजन अघाड़ी ने उम्मीदवारों की जो लिस्ट जारी की है, वह अघाड़ी की टेंशन बढ़ाने वाली है। वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रकाश आंबेडकर ने दस मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतार दिया है। इसी के साथ उन्होंने इंडिया गठबंधन पर निशाना भी साधा है। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि कांग्रेस ने ना तो लोकसभा चुनाव में और ना ही महाराष्ट्र के एमएलसी चुनावों में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट दिया था। प्रकाश आंबेडकर ने ये भी कहा कि हम सभी सालों से कांग्रेस के लिए वफ़ादार रहे हैं। मैं और मेरा परिवार 70 से ज़्यादा वर्षों से कांग्रेस के साथ हैं, लेकिन हाल की कुछ घटनाओं ने हमें नये सिरे सोच विचार करने पर मजबूर कर दिया है। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि आगामी चुनाव में जब हमने मुसलमानों की हिस्सेदारी के बारे में नाना पटोले से संपर्क किया तो हमें निराशा हाथ लगी।

**उतारे 10 मुस्लिम प्रत्याशी**

### कांग्रेस पर लगाया हिंदुत्ववादी होने का आरोप



प्रकाश आंबेडकर ने इसी के साथ कांग्रेस पर हिंदुत्ववादी होने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कांग्रेस खुले तौर पर हिंदुत्व के साथ है। आज की कांग्रेस की राजनीतिक रणनीति चुनावों में मुसलमानों को उचित भागीदारी देने से कतराती है। उन्होंने इसके लिए कांग्रेस और उद्धव शिवसेना के गठजोड़ को भी जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक खोने के डर से एमवीए में हिंदुत्व की विचारधारा थोपी जा रही है।

### उद्धव के भविष्य को लेकर जताई आशंका

प्रकाश आंबेडकर ने भविष्य में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना एमवीए में बने रहने पर आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि हमने बार-बार कांग्रेस से कहा है कि आप कम से कम हमें फार्मूला तो बताइए कि हमें कितनी सीट मिलेगी और किस मुद्दों पर कांग्रेस हमारे साथ खड़े रहेगी। लेकिन हमें स्थिति साफ नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मिसाल के लिए हाल ही में वक्फ बिल को ही लीजिए, वहां पर भी कांग्रेस ने अपने आप को बाहर रखा है।

## पत्नी को तीन तलाक देने पर पति के खिलाफ FIR दर्ज

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई में एक व्यक्ति पर अपनी पत्नी को कथित तौर पर 'एक बार में' तीन तलाक देने के लिए मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि मायके से पैसे नहीं लाने पर 27 वर्षीय पति ने ऐसा किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'एक बार में' तीन तलाक देने पर 2019 में प्रतिबंध लगा दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार शाम को तब सामने आई जब 22 वर्षीय महिला अपने पति, उसके माता-पिता और छोटे भाई के खिलाफ शिकायत लेकर जेजे मार्ग थाने पहुंची। अपनी शिकायत में महिला ने कहा कि उसने 2020 में अपने माता-पिता की मर्जी के खिलाफ कबाड़ का कारोबार करने वाले व्यक्ति से शादी की थी। इसके बाद उसने अपने माता-पिता से नाता तोड़ लिया और अपने पति और उसके परिवार के साथ दक्षिण मुंबई के पायधनी में रहने लगी। अधिकारी ने महिला की शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि दंपति के दो बच्चे हैं। शादी के तुरंत बाद, महिला के ससुराल वालों ने कथित तौर पर उसे नौकरी करने और कमाने के लिए मजबूर किया जिसके बाद उसने एक निजी स्कूल में शिक्षिका के रूप में काम करना शुरू कर दिया।



अधिकारी ने कहा कि आरोपी कथित तौर पर महिला से उसके माता-पिता से पैसे लाने के लिए दबाव बनाता रहा। शिकायत के हवाले से अधिकारी ने बताया कि 24 सितंबर को ससुराल वालों ने महिला से उसके पति के छोटे भाई की शादी के लिए 50,000 रुपए लाने को कहा। मांग पूरी न करने पर उन्होंने फिर से उसकी पिटाई की और उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया।

**दोपहर एंकर** ▸ राज्यपाल कोटे के 12 विधायकों पर इसी सप्ताह लग सकती है मुहर

## कैबिनेट बैठक में हो सकता है फैसला

**मुनीब चौरसिया | मुंबई**

राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राज्यपाल कोटे से विधान परिषद की 12 सीटों पर इसी सप्ताह मुहर लग सकती है। सूत्रों का कहना है कि गुरुवार को होने वाली राज्य सरकार की मंत्रिमंडल की बैठक में 12 नामों पर कोई फैसला हो सकता है। खबर है कि महायुति में शामिल तीनों ही दलों ने अपने-अपने कोटे के उम्मीदवार तय कर लिए हैं। कैबिनेट में तय किए गए 12 नामों को गुरुवार को ही राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मंजूरी के लिए भेजा जा सकता है। जिन पर राज्य में अगले कुछ ही दिनों में लगने वाली आचार संहिता से पहले ही फैसला हो सकता है।

### 4 साल पुराना है राज्यपाल नामित विधायकों का मामला



दरअसल राज्य विधान परिषद में राज्यपाल के कोटे वाले 12 विधायकों के पद पिछले 4 साल से अधिक समय से खाली हैं। साल 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार ने तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को महाविकास आघाडी के 12 उम्मीदवारों की एक सूची भेजी थी, लेकिन उस पर कोश्यारी कोई फैसला नहीं ले सके। इसके बाद दूसरे राज्यपाल रमेश बैस ने भी विधायकों की नियुक्ति पर कोई फैसला नहीं लिया। अब राज्य के नए राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन की नियुक्ति हुई है। वैसे राज्यपाल द्वारा नामित किए जाने वाले 12 नाम के प्रस्ताव को पहले कैबिनेट की मंजूरी दी जाती है। उसके बाद मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर के बाद लिस्ट को राज्यपाल के पास भेजा जाता है। इसके बाद राज्यपाल इस सूची को मंजूरी देते हैं।

### हो चुका है 12 विधायकों की सीटों का बंटवारा

सूत्रों का कहना है कि राज्यपाल कोटे के 12 विधायकों की सीटों का बंटवारा महायुति के तीनों दलों भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और राकांपा (अजित) में पहले ही हो चुका है। खबर है कि भाजपा के खाते में 6 सीटें आई हैं, जबकि शिंदे और अजित गुट को 3-3 सीटें दी गई हैं। राकांपा (अजित) के एक नेता ने बताया कि तीनों ही दलों ने इस मामले को काफी पहले ही सुलझा लिया था लेकिन तीनों ही दल अपने-अपने उम्मीदवार तय नहीं कर सके थे। लेकिन अब सभी दलों में अपने-अपने उम्मीदवारों को लेकर सहमति बन चुकी है।

## हार पर रार : हरियाणा में हार के बाद कांग्रेस की सहयोगी दलों से तकरार

**दीपक पवार | मुंबई**

हरियाणा में चुनाव हारने के बाद कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। पार्टी के अंदर झगड़े शुरू हो गए हैं और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल भी सवाल उठाने लगे हैं। आम आदमी पार्टी और शिवसेना (उद्धव गुट) ने कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने पर सवाल खड़े किए हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) ने यूपी उपचुनाव की 10 में से 6 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ सरकार बनाने जा रही कांग्रेस के लिए हरियाणा की हार एक बड़ी समस्या बन रही है। खासकर यूपी उपचुनाव और आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए, इंडिया गठबंधन के साथी दलों ने कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया है। शिवसेना ने इस मामले में पहला हमला किया, और अब आम आदमी पार्टी भी इसमें शामिल हो गई है।

### चुनाव मैदान में उतरने पर निशाना साधा



शिवसेना नेता संजय राउत ने कांग्रेस के अकेले चुनाव मैदान में उतरने पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन साथ होता, तो नतीजा अलग होता। यह बयान शिवसेना की प्रेशर पॉलिटिक्स का हिस्सा माना जा रहा है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं बन सकी है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर सबसे ज्यादा सीटें मांगने का तर्क दिया था, लेकिन हरियाणा की हार के बाद उनकी मांग कमजोर हो गई है।

### कांग्रेस पर कोई भी आरोप बर्दाश्त नहीं करेंगे : पटोले

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर की गई टिप्पणी के लिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के वरिष्ठ नेता संजय राउत की बुधवार को आलोचना की। पटोले ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस के खिलाफ आरोप बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# पति ने की पत्नी की गला रेतकर हत्या

## चरित्र संदेह में दिया वारदात को अंजाम

**दोपहर संवाददाता | अंबरनाथ**

अंबरनाथ के पालेगांव स्थित एक पति द्वारा अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या करने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हत्या की वारदात अंबरनाथ पूर्व के पालेगांव इलाके के एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में हुई। मिली जानकारी के अनुसार पति अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसी को लेकर हुए विवाद के बाद पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही शिवाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच महिला की हत्या के बाद आरोपी पति विक्की लोंढे मौके से फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इस संबंध में शिवाजीनगर थाने में मामला दर्ज की प्रक्रिया शुरू है। शिवाजीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं और पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने बताया कि तलाश जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी विक्की लोंढे अंबरनाथ पूर्व के पालेगांव इलाके में पार्श्व हिल्स सोसायटी में अपनी पत्नी और एक साल की बेटी के साथ रहता था।




### पूछताछ की जा रही है

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही हैं। वहीं हत्या के कारण का पता लगाया जा रहा हैं। इसके लिए पड़ोसियों से भी पूछताछ की जा रही हैं। दोनों के बीच के व्यवहार के बारे में पता किया जा रहा है ताकि हत्या के कारणों का पता लगाया जा सके। इसके अलावा भी अन्य एंगल से भी जांच की जा रही है।

### तीन साल पहले हुई थी शादी


पुलिस ने बताया कि उनकी शादी तीन साल पहले हुई थी और उनकी एक साल की बेटी है। इसी बीच चरित्र संदेह को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया और उसी से हत्या होने की आशंका जताई गई है। हालांकि, हत्या का मूल कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है और शिवाजी नगर पुलिस जांच कर रही है।

### सपना टॉकीज और सेलिब्रेशन होटल पर चल सकता है मनपा का हथौड़ा

# हाई कोर्ट ने लगाई मनपा को फटकार

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

कोणार्क कंपनी का सपना टॉकीज और सेलिब्रेशन होटल विवादों में आ गया है। सपना टॉकीज और सेलिब्रेशन होटल पर मनपा का हथौड़ा चल सकता है। बता दें कि स्वर्गीय दादा हरदास ठारवानी ने सन 2013 में 19/2013 जनहित याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने सपना सिनेमा और होटल सैलेब्रिशन के विरुद्ध हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस संदर्भ में उल्हासनगर महानगरपालिका ने 24.5.2024 को सैलिब्रेशन इमारत और दो ब्रिज को तोड़ने का आदेश पारित किया था। इस आदेश के विरुद्ध महसूल व वन विभाग के सचिव के पास कोणार्क कंपनी ने अपील दाखिल की थी। इस मामले



की सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट में हुई। न्यायालय ने आदेश पर कहा कि दो इमारतों के बीच में बनाई गई ब्रिज, जो दोनों अलग मालिकों की है, वो कैसे कोई बना सकता है। उच्च न्यायालय ने महानगरपालिका को फटकार लगाते हुए कहा कि इस मामले को 12 वर्षों में क्यों नहीं पूरा किया गया। इसके साथ ही मंत्रालय के अपील अधिकारी को निर्देश दिया है कि 17 अक्टूबर 2024 तक इसी मामले में अंतिम निर्णय लिया जाएं और 24 अक्टूबर 2024 को इस निर्णय पर सुनवाई होगी। इस आदेश के बाद कोणार्क कंपनी की मुश्किल बढ़ गई है। सुना है कि इस संदर्भ में जहां यह इमारत बनी हुई है, उस इमारत की सनद जांच के लिए पवई स्थित उपविभागीय अधिकारी एसडीओ ने लिखित में दिया था कि हमारे कार्यालय से सीडी जांच के संदर्भ में कोई भी पत्र जारी नहीं किया गया है। स्वर्गीय दादा हरदास ठरवानी ने सत्र न्यायालय और मनपा आयुक्त को इस बात से अवगत भी कराया था। ऐसे में क्या इसमें धोखाधड़ी और नकली दस्तावेज का मामला भी सामने आएगा, यह देखना होगा। होटल सैलिब्रेशन के नीचे बनाए गए दुकानदारों ने भी उच्च न्यायालय के समक्ष इंटरवेंशन अपील दाखिल की थी और कहा था कि हमें भी सुना जाएं जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

# बृहन्मुंबई महानगरपालिका में निकली नौकरियां

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका में युवाओं के लिए नौकरी का मौका है। बृहन्मुंबई नगर निगम में देय लेखा और संग्रह विभाग में नौकरी का सुनहरा अवसर है। बृहन्मुंबई नगर निगम इंस्पेक्टर ग्रुप सी यानी ग्रुप सी इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती करने जा रहा है।बीएमसी ने इस नौकरी



के लिए विज्ञापन दिया है। यह भर्ती 178 पदों के लिए की जाएगी। इस नौकरी के लिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस भर्ती के लिए आवेदन करने की आखरी तारीख19 अक्टूबर 2024 है। इस नौकरी के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या संस्थान से किसी भी विषय में ग्रेजुएट होना जरुरी है। बीएमसी में इंस्पेक्टर के पद पर आवेदन करने के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 1000 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा। इस नौकरी के लिए उम्मीदवारों को 29,000 रुपये से 92,300 रुपये तक का वेतन मिलेगा। बीएमसी में फिलहाल कार्यकारी सहायक यानी क्लर्क के पद पर भर्ती चल रही है। इसको लेकर विज्ञापन करीब दो महीने पहले दिया गया था। इस नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि बढ़ा दी गई है। उम्मीदवार इस नौकरी के लिए 11 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

# पश्चिम रेलवे पर मनाया जा रहा है स्वच्छता पखवाड़ा

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

भारतीय रेल 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2024 तक अपने सभी जोनों और उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है, जिसमें विशिष्ट विषयों के तहत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का विवरण देने वाला एक व्यापक कार्यक्रम शामिल है। यह पखवाड़ा रेलवे परिसर की सफाई में ठोस सुधार सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। इस पहल में शामिल होकर, पश्चिम रेलवे ने भी स्टेशनों, कार्यालयों और रेलवे परिसरों को साफ-सुथरा बनाने के लिए विभिन्न स्वच्छता गतिविधियाँ शुरू की हैं।




### अन्य दिन इन थीम्स पर केंद्रित था कार्यक्रम

स्वच्छता पखवाड़ा का 5वां और 6वां दिन स्वच्छ रेलगाड़ी की थीम पर केंद्रित था। 6वें दिन यानी 6 अक्टूबर, 2024 को पश्चिम रेलवे के वडोदरा डिवीजन ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रतापनगर से कायावरोहन मंदिर तक 54 किलोमीटर का साइक्लोथॉन आयोजित किया। इस कार्यक्रम ने साइकिलिंग के शौकीनों के बीच टीमवर्क, सौहार्द और धीरज को बढ़ावा दिया, जिससे कर्मचारियों की भलाई के प्रति पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता को बल मिला। सातवें दिन यानी 7 अक्टूबर, 2024 का थीम स्वच्छ ट्रैक था। स्टेशनों के आस-पास के इलाकों में रेलवे ट्रैक की सफाई पर खास ध्यान दिया गया। कुल 278 स्टेशनों को कवर किया गया और ट्रैक के किनारों से कचरा और अवांछित वनस्पति हटाकर 417 किलोमीटर रेलवे ट्रैक को साफ किया गया।

8वें दिन यानी 8 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ परिसर थीम के अंतर्गत पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों और वर्कशॉपों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए 282 स्टेशनों और रेलवे कॉलोनियों, रिटायरिंग रूम/वेटिंग रूम, रिटायरिंग रूम और हॉस्टल सहित आवासीय परिसरों, रनिंग रूम और अन्य स्टाफ क्वार्टरों में गहन सफाई अभियान चलाया गया।

### चौथे दिन इन पर रहा फोकस

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, स्वच्छता पखवाड़े के दौरान, चौथे दिन यानी 4 अक्टूबर, 2024 को न केवल स्टेशन परिसर की नियमित सफाई पर ध्यान केंद्रित किया गया, बल्कि पे एंड यूज़ शौचालयों, विशेषकर महिलाओं और दिव्यांग लोगों के लिए शौचालय, टिकटिंग क्षेत्र, स्टेशनों के प्रवेश/निकास, एफओबी के नीचे आदि जैसे सार्वजनिक संपर्क क्षेत्रों की सफाई पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें मलबे को हटाकर 238 स्टेशनों की गहन सफाई, प्लेटफार्मों, ट्रैक, नालियों, सर्कुलेटिंग एरिया आदि की सफाई शामिल थी। स्टेशन परिसर में स्थापित सौर ऊर्जा उपकरणों को भी साफ किया गया और उन्हें पूरी कार्यक्षमता के साथ बहाल किया गया, जिससे ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा मिला और कार्बन फुटप्रिंट में कमी आई। यात्रियों को प्लास्टिक की बोतलों को नष्ट करने के लिए स्थापित क्रशर का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

**पश्चिम रेलवे**
**डीजल इंजन कार्य**
मुख्य कार्यशाला प्रबंधक ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी, मुंबई 400013, **ई-निविदा सूचना संख्या:EL90/MX/2024-25/04RT दिनांक 05.10.2024** आमंत्रित करता है. **कार्य का नाम:** स्कोप कार्य के अनुसार मार्क III टॉवर वैगन में सुसज्जित कमिंस डीजल इंजन मॉडल N743L और मार्क IV टॉवर वैगन में सुसज्जित कमिंस डीजल इंजन मॉडल NTA855R. **कार्य की अनुमानित लागत:** 57,33,450.80. **ईएमडी:** 1,14,700.00. **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय:** निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 26.10.2024 को 12.00 बजे तक (इलेक्ट्रॉनिक रूप से). विवरण के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 0608
Like us on: facebook.com/WesternRly

# महिलाओं के वोटों के लिए चुनाव से पहले वादों का बुलबुला है लाडली बहिनी योजना: ज्योति ठाकरे

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

लाड़की बहिन योजना महिलाओं के वोटों पर नज़र रखने के लिए शुरू की गई है। यह योजना चुनाव से पहले वादे का बुलबुला है। इसे नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में ठाणे में फिर से लॉन्च किया गया। शिव सेना की उपनेता ज्योति ठाकरे ने कहा कि शिव सेना की नारी शक्ति की ताकत इस बात में है कि इस कार्यक्रम में हजारों महिलाएं बिना किसी लालच के आती हैं। वह भिवंडी तालुका के अंबाडी झिडके में जागर स्त्री शक्तिचा साद शक्तिला, सलाम नवदुर्गे को एक स्कूल में शिवसेना के जिला सह-संयोजक दशरथ



पाटिल गुरुजी द्वारा आयोजित महिलाओं के लिए हल्दी कुंकु कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस अवसर पर तालुका प्रमुख कुन्दन पाटिल, महिला जिला उप संगठक कविता भगत, तालुका महिला संगठक फशी पाटिल, महिला संपर्क प्रमुख नंदिनी पाटिल, सरिता पाटिल सहित भिवंडी और वाडा तालुका के हजारों लोग उपस्थित थे।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**- सार्वजनिक सूचना-**

**विषय:** अनाधिकृत फेरीवालों के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई के लिए ठेका मजदूर एनजीओ/निजी कंपनी के माध्यम से ठेका श्रमिकों की आपूर्ति के संबंध में सूचना।

इसके द्वारा सभी पंजीकृत गैर-सरकारी संगठनों/निजी कंपनियों को सूचित किया जाता है कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इच्छुक चैरिटी आयुक्तों और बृहन्मुंबई महानगरपालिका में पंजीकृत गैर-सरकारी गैर-सरकारी संगठनों, श्रम सहकारी समितियों, सेवा सहकारी समितियों, बेरोजगार सेवा सहकारी समितियों, औद्योगिक सेवा सहकारी समितियों और सीलबंद इच्छापत्र को निजी कंपनी से आगामी छह महीने की अवधि के लिए अतिक्रमण हटाने वाले वाहनों पर कुल 06 ठेका श्रमिकों को उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

उक्त इच्छापत्र का नमूना वरिष्ठ निरीक्षण परमिट (अतिक्रमण हटाना), बृहन्मुंबई नगर निगम एफ/दक्षिण प्रभाग कार्यालय, प्रथम तल, कमरा क्रमांक 1, डॉ. अंबेडकर मार्ग, परेल, मुंबई-400012 में, रुपये 3300/+ 18% जीएसटी कुल रु.3894/- (परीक्षा शुल्क) लेकर (गैर-वापसी योग्य) नकद निकासी के साथ 10/10/2024 से दिनांक 14/10/2024 को सुबह 10.30 बजे से 01.00 बजे तक खरीद सकते हैं और आवश्यक दस्तावेजों के साथ सीलबंद आवेदन पत्र दिनांक 14/10/2024 तक दोपहर 01.00 बजे तक लाइसेंस खाता एफ/दक्षिण डिवीजन, पहली मंजिल पर एक सीलबंद बॉक्स में डाला जाए उल्लिखित कार्यालय समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**लॉटरी की तारीख 15/10/2024 को दोपहर 02 बजे तय की गई है।**

**हस्ता.**
पीआरओ/1635/विज्ञा./2024-25 **सहायक आयुक्त, एफ/ दक्षिण विभाग**

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**

# उल्हासनगर का स्काईवॉक आज से राहगीरों के लिए बंद

## नागरिकों की सुरक्षा हेतु प्रशासन का महत्वपूर्ण निर्णय

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर मनपा ने गुरुवार से उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के करीब स्थित स्काईवॉक को राहगीरों के लिए बंद करने का फैसला किया है। यह स्काईवॉक सिर्फ उल्हासनगर रेलवे स्टेशन से चांदीबाई कॉलेज तक के लिए खुला रहेगा। प्रशासन के स्ट्रक्चरल ऑडिट से पता चला है कि स्काईवॉक जर्जर स्थिति में है। इसलिए पैदल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अहम फैसला लिया गया है। आगे की मरम्मत होने तक स्काईवॉक बंद रहेगा, जिससे आप नागरिकों को कोई धोखा निर्माण न हो।



### 2007 में 34 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था स्काईवॉक

उल्हासनगर स्काईवॉक को 2007 में 34 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था, जो आज बेहद जर्जर व खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। उल्हासनगर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से को जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण स्काईवॉक की टाइल्स, खम्भा, रेलिंग आए छत टूट व जर्जर हो गई है है। इस कारण कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



### अपराध की घटनाओं में भारी वृद्धि

इस स्काईवॉक की मरम्मत और रखरखाव पर कई वर्षों से ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण यहां अपराध की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। अंधेरे का फायदा उठाकर चोर, लुटेरे और बदमाश अक्सर राहगीरों को लूटते और पीटते रहते हैं। तीन साल पहले यहां एक पुलिसकर्मी पर हमला किया गया था और एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की गई थी, यह मामला आज भी नागरिकों के जेहन में ताजा है।

### नवीनीकरण के लिए वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट में 3.17 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी

उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने स्काईवॉक के नवीनीकरण के लिए वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट में 3 .17 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी है। धनराशि उपलब्ध होने पर मरम्मत कार्य शुरू करा दिया जाएगा। इससे पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए इस महत्वपूर्ण परियोजना का तत्काल कार्यान्वयन हो सकेगा। इस खतरनाक स्थिति को लेकर विजय कदम और 'एक हाथ मदद कार संस्था के सदस्यों ने कई बार प्रशासन से मांग की थी। इस मांग के बाद मनपा प्रशासन ने तत्काल कदम उठाते हुए स्काईवॉक को बंद करने का फैसला लिया है।

### मनपा की 90 पन्नों की संरचनात्मक ऑडिट रिपोर्ट जारी

मनपा की 90 पन्नों की संरचनात्मक ऑडिट रिपोर्ट में स्काईवॉक की तत्काल मरम्मत की आवश्यकता का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट पेज नं।86 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मरम्मत में देरी से संकट का स्तर बढ़ जाएगा और मानव जीवन के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी अधिक होगा। इस स्काईवॉक की खतरनाक स्थिति को लेकर सामाजिक संस्था 'एक हाथ मदद' के अध्यक्ष विजय कदम ने उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने को एक निवेदन पत्र द्वारा जानकारी दी थी ।जिसके उपरांत मनपा प्रशासन ने स्काईवॉक को तुरंत बंद करने का निर्णय लिया है। हालांकि महानगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि उल्हासनगर रेलवे स्टेशन से चांदीबाई कॉलेज तक स्काईवॉक जारी रहेगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय के कारण पैदल यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। विजय कदम ने कहा कि हमने उल्हासनगर के नागरिकों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास किए हैं और आखिरकार हमारी मांग सफल हुई है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
**- सार्वजनिक सूचना-**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-VI के अंदर एस विभाग से 01 प्रस्ताव यानी **कुल 01** प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी का वृक्ष प्राधिकरण/ मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के **https://mcgm.gov.in** वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-वृक्ष प्राधिकरण--766..सार्वजनिक सूचना 7 दिन पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।
उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।
प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई 17/10/2024 के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को 4.30 से 5.00 बजे के दरम्यान किया जाएगा।
जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/ आपत्तियों की एक प्रति के साथ।

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी, वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,**
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
टेली नं -23742162
ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in

**हस्ता.**
पीआरओ/1626/विज्ञा./2024-25 **उद्यान अधीक्षक व वृक्ष प्राधिकरण**


**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**

# पश्चिम रेलवे ने टिकट जांच अभियानों में जुर्माने के 68 करोड़ वसूले

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई। पश्चिम रेलवे ने अप्रैल-सितम्बर 2024 में गहन टिकट जांच अभियानों के दौरान जुर्माने के रूप में 68 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्राप्त की है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बुधवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पश्चिम रेलवे पर सभी वैध यात्रियों को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवायें सुनिश्चित करने के लिये मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/ एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिये लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाये जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की देखरेख में अत्यधिक प्रेरित टिकट जांच टीम द्वारा अप्रैल से सितम्बर, 2024 के दौरान कई टिकट जांच अभियान चलाए गये, जिससे 68.45 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की गयी, जिसमें मुंबई उपनगरीय खंड से प्राप्त 22.70 करोड़ रुपये की राशि भी शामिल है। सितम्बर, 2024 के दौरान बिना बुक किए सामान के मामलों सहित 1.38 लाख बिना टिकट/अनियमित यात्रियों का पता लगाकर 6.14 करोड़




रुपये की राशि प्राप्त की गई। इसके अलावा सितम्बर में पश्चिम रेलवे ने मुंबई उपनगरीय खंड पर 80 हजार मामलों का पता लगाकर 2.69 करोड़ रुपये का जुर्माना प्राप्त किया गया। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा को रोकने के लिए नियमित औचक टिकट जांच अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों के परिणामस्वरूप अप्रैल से सितम्बर, 2024 में लगभग 28500 अनधिकृत यात्रियों पर जुर्माना लगाया गया है और जुर्माने के रूप में लगभग 94 लाख रुपये प्राप्त किये गये।

# एसटी बस 50 फीट गहरी खाई में गिरी, 8 महिलाएं घायल

**दोपहर संवाददाता | रायगढ़**



रायगढ़ जिले के मानगांव तहसील में स्थित मांजराने घाट पर बुधवार को एक एसटी बस अनियंत्रित होकर 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में आठ महिलाएं जख्मी हो गई हैं, सभी का इलाज मानगांव उप जिला अस्पताल में हो रहा है। इनमें एक महिला की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, बुधवार को रायगढ़ में लाडली बहन योजना का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 29 महिलाएं एसटी बस से जा रही थीं। मानगांव में मांजराने घाट पर अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे बस सीधे 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। मानगांव पुलिस ने खाई में गिरी बस में फंसी महिलाओं को बाहर निकाल लिया है।

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




**अनमोल विचार** परिश्रम से बड़ा कोई दूसरा धर्म नहीं : आचार्य विद्यासागर

## घाटकोपर और गोरेगांव में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर और गोरेगांव में दो जगहों पर बुधवार को अचानक आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने गोरेगांव के प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट में लगी आग पर काबू पा लिया है, जबकि घाटकोपर के नारायण नगर में पलास्टिक का रैंपर बनाने वाली फैक्ट्री में आग बुझाने का काम जारी है। इन दोनों घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ है।



### पहली घटना : प्लास्टिक रैपर बनाने वाली फैक्ट्री में आग

फायर ब्रिगेड के अनुसार घाटकोपर के नारायण नगर सेक्शन में बुधवार को शाम को एक प्लास्टिक रैपर बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दस गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में धुंआ फैल गया है।

### दूसरी घटना : तेल टैंकर में भीषण आग

इससे पहले गोरेगांव में स्थित प्रवासी औद्योगिक एस्टेट क्षेत्र में बुधवार दोपहर को एक तेल टैंकर में भीषण आग लग गई। सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। घटनास्थल पर गोरेगांव पुलिस की टीम यहां हुए नुकसान का पता लगा रही है।

# आज होगी शिंदे कैबिनेट की अंतिम बैठक!

### बड़े फैसले लिए जाने की संभावना

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

लोकसभा चुनाव में बीजेपी नीत महायुति के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण सकते में आई महाराष्ट्र की महायुति सरकार अब विधानसभा चुनाव के लिए फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में निरंतर कैबिनेट बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य सरकार लगातार लोकलुभावन निर्णय ले रही है। बीते एक सप्ताह में दो बार (सोमवार व शुक्रवार) कैबिनेट बैठक बुलाकर 75 से अधिक निर्णय लेने वाली महाराष्ट्र सरकार की गुरुवार को एक बार फिर से कैबिनेट बैठक बुलाई गई है। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि सीएम शिंदे के नेतृत्ववाली मौजूदा महायुति सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक हो सकती है। क्योंकि 12 अक्टूबर को दशहरा के बाद कभी भी चुनावी आचार संहिता लागू की जा सकती है। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी महायुति सरकार विधानसभा चुनाव से पहले हर वर्ग को अपने साथ जोड़ने का हर संभव प्रयास कर रही है।



### बीते सोमवार को हुए थे 38 बड़े फैसले

बीते सोमवार को मराठा आरक्षण पर शिंदे समिति की दूसरी और तीसरी रिपोर्ट को मंजूरी देने तथा देसी गायों को 'राज्यमाता' घोषित करने जैसे 38 बड़े फैसले करने के बाद सरकार ने शुक्रवार को राज्य का गैर कृषि (एनए) कर्ज पूरी तरह माफ करने एवं जैन, बौद्ध, बारी, तेली, हिंदू खटीक, लोनारी समाज के लिए महामंडल आदि की घोषणा सहित करीब 41 बड़े फैसले लिए थे। अब खबर आ रही है कि सरकार गुरुवार को एक बार फिर से कैबिनेट बैठक बुलाई है। सूत्रों का दावा है कि नवंबर में होनेवाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार गुरुवार की बैठक में कई और बड़े निर्णय ले सकती है।

### 26 नवंबर से पहले नई सरकार

गौरतलब हो कि 26 नवंबर को मौजूदा महाराष्ट्र सरकार का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अपने तीन दिवसीय मुंबई दौरे के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मुंबई में आयोजित पत्रकार परिषद में दावा किया था कि 26 जून से पहले राज्य में नई सरकार का गठन हो जाएगा। इस लिहाज से संभावना व्यक्त की जा रही है कि चुनाव आयोग दशहरे के बाद राज्य में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम एवं आचार संहिता का कभी भी ऐलान कर सकता है।

## ईडी की जब्ती नोटिस को शिल्पा और राज ने हाईकोर्ट में चुनौती दी



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जारी जब्ती की नोटिस को फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उद्योजक राज कुंद्रा ने बुधवार को बाम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने आज ही इस मामले में ईडी को अपनी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है और मामले की सुनवाई गुरुवार को होगी।

### याचिका में दावा

शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने याचिका में दावा किया है कि ईडी की कार्रवाई मनमानी और गैरकानूनी है। याचिका में शिल्पा और राज ने दावा किया है कि इस कार्रवाई की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि वे 2018 से नियमित रूप से सहयोग कर रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि यह कार्रवाई 2018 से चल रही है और वे ईडी की कार्रवाई में सहयोग कर रहे हैं। ईडी ने 2018 में अमित भारद्वाज के खिलाफ कथित क्रिप्टो एसेट पोंजी स्कीम में मामला दर्ज किया था। इस मामले में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के साथ अन्य सह-आरोपियों पर बिटकॉइन के रूप में निवेशकों से 6 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

इसी मामले में ईडी ने शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ 27 सितंबर को नोटिस जारी कर जुहू स्थित बंगला और पावना लेक इलाके स्थित फार्म हाउस को 10 दिन के भीतर खाली करने के लिए कहा गया था।

## महाराष्ट्र में पैर जमाने में जुटी सपा



**मुंबई/नासिक।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। अब महाराष्ट्र में कभी भी विधानसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों को पुख्ता करने जुटे हैं। उत्तर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय समाजवादी पार्टी भी महाराष्ट्र में अपनी जड़े मजबूत करने में जुट गई है। इस कड़ी अब समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव महाराष्ट्र के दौरे पर आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के महासचिव मुस्तकीम डिग्निटी ने घोषणा की कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 18 अक्टूबर को मालेगांव आएंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

## सीट बंटवारे को लेकर महाविकास अघाड़ी की मैराथन बैठक

### नाना पटोले बोले- अभी और मीटिंग होंगी

**मुंबई।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के बाद अब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसको लेकर राजनीतिक दलों की तैयारियां तेज हैं। महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे को लेकर मंथन चल रहा है। बुधवार को गठबंधन की करीब 7 घंटे की मैराथन बैठक चली। हालांकि, इसके बाद अभी तक कुछ सीटों पर सहमति नहीं बन पाई है। महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे पर गतिरोध बना हुआ है। सूत्रों का कहना है, कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) में विदर्भ, मुंबई पश्चिम और महाराष्ट्र की सीटों पर गतिरोध जारी है। बैठक से निकलने के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि इस तरीके की बैठकें होती रहती हैं। आने वाले दिनों में और भी बैठकें होंगी। कुछ सीटों पर चर्चा अभी शुरू हुई है। आने वाले दिनों में महाविकास अघाड़ी की और बैठकें होंगी। हरियाणा में कांग्रेस को झटका लगने के बाद इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने भी आंख दिखाना शुरू कर दिया है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने सीधे तौर पर हरियाणा में कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संजय राउत ने कहा, अगर इंडिया गठबंधन मैदान में होता तो नतीजा कुछ और होता। पूरी खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें।



### चुनाव से पहले एआईएमआईएम में घमासान

महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एआईएमआईएम में भी घमासान मच गया है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष गफ्फार कादरी ने पूर्व सांसद इम्तियाज जलील पर उन्हें नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें किनारे कर दिया है। कादरी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वो ये कहते हुए सुने जा सकते हैं कि जब भी मैंने फोन किया जलील ने जवाब नहीं दिया। लोग कहते हैं कि अगर फोन देवेंद्र फडणवीस का हो तो वह एक रिंग में फोन उठा लेते हैं।

### कादरी ने ओवैसी को पत्र लिखकर मांगा जवाब

हाल ही में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पांच उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। इस लिस्ट में कादरी का नाम नहीं था। कादरी ने अपने समर्थकों से कहा है कि उन्होंने ओवैसी को पत्र लिखा है। इसमें औरंगाबाद पूर्व विधानसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी के बारे में जवाब मांगा है। इस सीट से उन्होंने पहले चुनाव लड़ा था। हालांकि, बीजेपी नेता अतुल सावे से हार गए थे।




IGR INDIA GROUND REPORT दो बजे दोपहर




## संपादकीय

# भाजपा की हैट्रिक

तमाम राजनीतिक पंडितों के विश्लेषण व एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को दरकिनार करते हुए भाजपा ने अप्रत्याशित रूप से हरियाणा विधानसभा चुनावों में स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। सतही तौर पर जो माहौल कांग्रेस के पक्ष में नजर आ रहा था, वह वोटों में तब्दील होता नजर नहीं आया। भाजपा के रणनीतिक अभियान ने लगातार दो बार सत्ता में रहने के चलते उपजे जनता के मोहभंग को दूर करने में कामयाबी हासिल कर ली। इतना ही नहीं उसका प्रदर्शन पिछले विधानसभा चुनाव से भी बेहतर रहा और वह अपने बूते सरकार बनाने की स्थिति में आ गई है। दरअसल, हरियाणवी समाज में मुखर अभिव्यक्ति वाली दबंग जाट बिरादरी की एकजुटता व उससे कुछ समुदायों में उपजा असुरक्षाबोध भाजपा के पक्ष में ध्रुवीकरण करने में सहायक बना। जो एक साइलेंट वोटर की तरह इस राजनीतिक इबारत को गढ़ रहा था, जिसकी मंशा को राजनीतिक पंडित, मीडिया और एग्जिट पोल करने वाले भी नहीं पढ़ पाए। वहीं दूसरी ओर इस विधानसभा चुनाव में उन दलित मतदाताओं का विश्वास कांग्रेस हासिल नहीं कर पायी, जिन्होंने उसे लोकसभा चुनाव में भरपूर वोट दिए थे। निस्संदेह, हरियाणा में भाजपा को मजबूत संगठन का लाभ बोनस के रूप में मिला। वहीं दूसरी ओर भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ लोकसभा चुनाव के दौरान जो खटास देखी जा रही थी, उसे इस विधानसभा चुनाव के आते-आते भाजपा दूर करने में कामयाब रही, जिसका प्रत्यक्ष लाभ भाजपा को माइक्रो मैनेजमेंट में सीधी तौर पर मिला। वहीं भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य में कांग्रेस को मिल रहे शुरुआती लाभ को पढ़कर, उसकी काट में एक केंद्रित व प्रभावी अभियाना चलाया। भाजपा ने किसान, जवान व पहलवान के मुद्दे पर उपजे आक्रोश को न केवल दूर करने का प्रयास किया बल्कि अपने समर्थन के आधार को भी बढ़ाया। विशेषकर यह कोशिश गैर जाट समुदायों में एकजुटता के प्रयासों के रूप में सामने आई। वहीं संगठन के स्तर पर भाजपा की जो बढ़त रही, उसका मुकाबला कांग्रेस का लचर सांगठनिक ढांचा नहीं कर पाया। कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले ही भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारी कर ली थी। यही वजह थी कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने करीब-करीब दो पारियों में मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को हटाकर उनकी जगह नायब सिंह सैनी की ताजपोशी कर दी थी। मकसद यही था कि लगातार दो दशक तक सत्ता में रहने के चलते उपजे सत्ता विरोधी रुझान को टाला जा सके। कमोबेश यह कोशिश रंग लायी। सैनी की सहजता-सरलता और उनका ओबीसी वर्ग से होने का लाभ गैर जाट समुदायों की एकजुटता के रूप में भी मिला। इसके विपरीत कांग्रेस में भूपेंद्र हुड्डा जैसा दिग्गज नेता तो था,लेकिन भाजपा के मुकाबले का सांगठनिक ढांचा नहीं था। वहीं दूसरी ओर पार्टी संगठन में मतभेद व मनभेद भी गाहे-बगाहे उजागर होते रहे। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद की दावेदारी के सुर भी उभरे। टिकट बंटवारे में केंद्रीय नेतृत्व, हुड्डा गुट व शैलजा गुट की प्राथमिकताओं ने कई तरह की विसंगतियां पैदा की। आप से सीटों के बंटवारे पर सहमति न बन पाने की वजह से आप को तो लाभ नहीं हुआ, लेकिन कांग्रेस के मतों का कुछ विभाजन जरूर हुआ। इस चुनाव में हरियाणा में नई संभावना के रूप में देखी जा रही जेजेपी व बसपा तथा चंद्रशेखर आजाद रावण की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का हश्र भी सामने आया। बहरहाल, भाजपा की इस जीत का एक निष्कर्ष यह भी है कि कुशल चुनाव प्रबंधन के जरिये राष्ट्रीय पार्टियां कारगर रणनीति बनाकर कैसे खुद को स्थानीय राजनीतिक माहौल के अनुरूप ढाल सकती हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र अपनी खूबसूरती के साथ फिर मजबूत हुआ है। अनुच्छेद 370 खत्म होने के उपरांत एक दशक बाद हुए चुनाव में नेशनल कान्फ्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को सरकार बनाने का मौका मिला है। भाजपा के लिए यह उत्साह की बात है कि उसके द्वारा राज्य में हासिल मत प्रतिशत सर्वाधिक है।

## शख्सियत आर. के. नारायण

# उपन्यासकार और मालगुड़ी के रचयिता



आर. के. नारायण, जिनका जन्म 10 अक्टूबर, 1906 को मद्रास (अब चेन्नई), भारत में हुआ था, एक प्रमुख भारतीय लेखक थे जो अपनी सरल लेकिन गहन कहानी कहने की कला के लिए जाने जाते थे। उन्होंने मैसूर विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की, जहां उन्होंने कला में डिग्री हासिल की। नारायण का साहित्यिक करियर 1930 के दशक में शुरू हुआ और वे भारतीय अंग्रेजी साहित्य के अग्रणी व्यक्तियों में से एक बन गए।

आर. के. नारायण को उनके काल्पनिक शहर मालगुडी के माध्यम से भारतीय जीवन के विशद चित्रण के लिए जाना जाता है, जहां उनकी अधिकांश कहानियां सेट हैं। 1935 में प्रकाशित उनके पहले उपन्यास, ״स्वामी एंड फ्रेंड्स״ ने पाठकों को स्वामी नाम के एक युवा लड़के के कारनामों से परिचित कराया। इस उपन्यास ने हास्य और सामाजिक टिप्पणी को मिलाकर उनकी अनूठी शैली की नींव रखी।

अपने पूरे करियर के दौरान, नारायण ने कई प्रशंसित उपन्यास लिखे, जिनमें ' द बैचलर ऑफ़ आर्ट्स', 'द इंग्लिश टीचर' और 'द गाइड' शामिल हैं, जिनमें से बाद वाले उपन्यास के लिए उन्हें 1960 में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। उनकी कहानियाँ अक्सर रोज़मर्रा की चुनौतियों का सामना करने वाले आम लोगों पर केंद्रित होती हैं, और उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं के सार को पकड़ने का हुनर है।

उपन्यासों के अलावा, नारायण ने लघु कथाएं, निबंध और यात्रा वृत्तांत भी लिखे। उनके लेखन की विशेषता इसकी सादगी, स्पष्टता और अंतर्निहित हास्य है। उन्हें अपने काम के लिए कई पुरस्कार मिले, जिनमें 1964 में पद्म भूषण और 1973 में साहित्य में उनके योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार शामिल हैं।

नारायण मानव स्वभाव के भी एक उत्सुक पर्यवेक्षक थे, और उनके पात्र अक्सर संबंधित और यादगार होते हैं। सरल कथाओं के माध्यम से गहरी भावनाओं को व्यक्त करने की उनकी क्षमता ने उन्हें भारतीय साहित्य में एक विशेष स्थान दिलाया है।

आर. के. नारायण का 13 मई, 2001 को निधन हो गया, लेकिन उनकी विरासत उनके कालातीत कार्यों के माध्यम से जीवित है जो दुनिया भर के पाठकों के साथ गूंजती रहती है।

भारतीय साहित्य में उनके योगदान ने अनगिनत लेखकों और पाठकों को प्रेरित किया है, जिससे वे साहित्य जगत में एक प्रिय व्यक्ति बन गए हैं।

# बढ़ा बजट उबारेगा कृषि को संकट से



देविंदर शर्मा

साल था 1996। चुनाव परिणाम घोषित हो चुके थे और अटल बिहारी वाजपेयी को निर्वाचित-प्रधानमंत्री के रूप में घोषित किया जा चुका था। एक या दो दिन बाद, नई दिल्ली में कुछ जाने-माने अर्थशास्त्रियों के साथ बंद कमरे में बैठक हुई। चूंकि बतौर निर्वाचित-प्रधानमंत्री वे इसमें शामिल नहीं हो सकते थे, लिहाजा एक अन्य राजनीतिक दिग्गज मुरली मनोहर जोशी ने बैठक की अध्यक्षता की। अर्थशास्त्रियों को अपने सुझाव इस बाबत देने को कहा गया कि एनडीए सरकार को किस किस्म की आर्थिक नीतियां लानी चाहिए ताकि उसे आगे चलकर सत्ता विरोधी लहर का सामना न करना पड़े। उपस्थित अधिकांश अर्थशास्त्री चाहते थे कि राजकोषीय घाटे पर कड़ी नजर रखी जाए और चालू-खाता घाटा कम करने के तरीके खोजे जाएं। चिन्हित मुद्दों पर काफी विचार हुआ और निश्चित रूप से अन्य अहम विषयों पर भी चर्चा हुई, मसलन, रोजगार सृजन, विनिर्माण एवं निर्यात को बढ़ावा देना इत्यादि।

जब मुझसे यह सुझाव देने के लिए कहा गया कि नीतिगत ध्यान का केंद्र किस पर होना चाहिए, तो मेरा जवाब था कि बजट का 60 प्रतिशत हिस्सा उस समय कृषि क्षेत्र में काम कर रही 60 प्रतिशत आबादी के लिए रखा जाना चाहिए। मेरे कई साथी मुझसे सहमत नहीं थे, कुछ ने तो यहां तक चेतावनी दे डाली कि अगर बजट का 60 प्रतिशत हिस्सा कृषि के लिए आवंटित किया गया तो आर्थिक तबाही मच जाएगी। उद्योग और बुनियादी ढांचा विकसित करने को अधिक धन देने पर जोर दिया गया और इसे उच्च आर्थिक विकास की ओर ले जाने का शर्तिया माध्यम बताया गया।

मैंने फिर भी जोर देकर कहा कि यह एक नया सांचा और आर्थिक सोच बनाने का समय है और जब तक कृषि के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान नहीं किया जाता, तब तक देश सर्वांगीण विकास नहीं कर पाएगा। मुझे पता था कि मेरा सुझाव मुख्यधारा की आर्थिक सोच से मेल नहीं खाएगा। हालांकि, मेरी समझ से सत्ता विरोधी लहर से बचने की एकमात्र राह खेती और ग्रामीण विकास में पर्याप्त निवेश करना था। बैठक का समापन जोशी ने यह कहकर किया कि वे हमारे विचारों से प्रधानमंत्री को अवगत करवाएंगे। कुछ दिनों बाद, मुझे आश्चर्य हुआ जब नई सरकार ने कृषि के लिए 60 प्रतिशत बजट प्रदान करने की अपनी मंशा की घोषणा की। कृषि में इतने संसाधन लगाने की जरूरत को लेकर मीडिया में हंगामा मच गया, कई विशेषज्ञों ने तो यहां तक कहा कि इससे अर्थव्यवस्था पीछे की दिशा में जाएगी। लेकिन मेरी दलील थी कि उच्च विकास की दिशा में कदम आगे बढ़ाते वक्त भारत अपनी दो-तिहाई आबादी को ग्रामीण इलाकों में भुगतने के लिए छोड़ नहीं सकता। इसे संभव बनाने के लिए, और राजनीतिक दार्शनिक जॉन रॉल के 'निष्पक्षता एवं न्याय' सिद्धांत के अनुसार, नीति बनाते वक्त मानव पूंजी निवेश, खेती और कृषि का पुनर्निर्माण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र सहित उचित ग्रामीण बुनियादी ढांचे की स्थापना और इस प्रक्रिया में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त राजकोषीय संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए। संक्षेप में, यह वही है जो प्रधानमंत्री का 'सबका साथ सबका विकास' वाला नारा कहता है, उसकी प्राप्ति के लिए रूपरेखा आर्थिक सोच एवं दृष्टिकोण और रुख में आमूल-चूल बदलाव लाकर फिर से तैयार की जा सकती थी। चूंकि वाजपेयी सरकार केवल 13 दिनों तक चली, इसलिए वह विचार जो परिवर्तनकारी बदलाव के लिए एक मजबूत नींव रख सकता था, वह भी गुम हो गया। मैं यह इसलिए साझा कर रहा हूं क्योंकि सकल बजट में खेती के लिए आवंटन और भी कम हो गया है। यह देखते हुए कि कृषि पर करोड़ों लोगों की आजीविका निर्भर है, यह चिंताजनक है। 2019-20 में पहले से ही काफी कम रख गए अंश यानी 5.44 प्रतिशत के बाद, कृषि का हिस्सा 2024-25 के बजट में और गिरकर 3.15 फीसदी रह गया है। यह जानते हुए कि यह राजनीतिक और आर्थिक कारक -जिन पर बड़े कारोबारियों का काफी प्रभाव है- संसाधन आवंटन पर हावी है, गलती की भ्रंश रेखाएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। देश की 42.3 प्रतिशत आबादी अभी भी कृषि में लगी हुई है, इसकी वृद्धि दर वर्तमान में 1.4 प्रतिशत के आसपास मंडरा रही है। इससे भी बदतर यह है कि औसत कृषि आय में भारी गिरावट आई है। वास्तविक ग्रामीण मजदूरी एक दशक से अधिक समय से स्थिर है। निरंतर जारी कृषि संकट इतना गंभीर है कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जैसा कि मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं, यह इसलिए क्योंकि खेती को जानबूझकर पिछड़ा रखा गया।


अनेकानेक अध्ययन दर्शाते हैं कि अगर विकल्प मिले तो लगभग 60 प्रतिशत किसान खेती छोड़ना चाहते हैं। और अगर आप हैरान हो रहे हैं कि भारतीय किसानों की हालत इतनी खराब कैसे है, तो कृषि की मौत के संकेतकों में सबसे ऊपर है, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) द्वारा हाल ही में किया गया एक अध्ययन। इससे पता चलता है कि भारतीय कृषि सबसे निचले पायदान पर है, जिसकी सकल कृषि प्राप्ति 2022 में ऋणात्मक 20.18 प्रतिशत रही। अब भी, जबकि कृषि व्यवसाय में लगे लोगों की संख्या घटकर 42.3 प्रतिशत रह गई है, ऐसे में यह सुनिश्चित करने के लिए मजबूत वजह है कि 48 लाख करोड़ रुपये के वार्षिक बजट का कम से कम 50 प्रतिशत कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग रखा जाए। यह, शायद, चार नई 'जाति' अर्थात् गरीब-महिला-युवा-अन्नदाता के उत्थान का सबसे अच्छा तरीका होगा। वास्तव में, कृषि सभी प्रकार की जाति संरचनाओं को आजीविका प्रदान करती है। कृषि में पर्याप्त संसाधन लगाने से न केवल प्रदर्शन में सुधार होता है और स्थायी आजीविका का निर्माण होता है, बल्कि उद्यमशीलता की आकांक्षाओं को भी बढ़ावा मिलता है। विश्व बैंक भी कहीं न कहीं यह स्वीकार करता है कि कृषि में उचित निवेश दुनिया के 75 प्रतिशत गरीबों की दरिद्रता कम करने में सहायक हो सकता है। ऐसे समय में जब दुनिया के सबसे अमीर 1 प्रतिशत लोग सबसे निचले 95 प्रतिशत लोगों की तुलना में अधिक धन इकट्ठा कर चुके हैं। ऐसे आर्थिक सिद्धांतों पर टिके रहने का कोई मतलब नहीं है, जो असमानता को और बदतर करे। इसलिए, भारत को अपनी इबारत खुद लिखने की जरूरत है। और इसकी शुरुआत कृषि को पुनर्जीवित करने से ही होगी।

## जीवन मंत्र

# ऊब की जड़ों को खोजिए

यदि आप यह जान सकें कि आप क्यों ऊब गए हैं, तो निस्संदेह आप समस्या का हल कर लेंगे। है न? तब जागी हुई अभिरुचि कार्य करने लगेगी।

यदि आप ऊब गए हैं, तो उसका कारण क्या है? वह है क्या, जिसको हम ऊब कहते हैं? ऐसा क्यों है कि आपकी किसी भी चीज में रुचि नहीं है? कुछ कारण अवश्य होने चाहिए, जिन्होंने आपको मंद बना दिया है। यदि आप यह जान सकें कि आप क्यों ऊब गए हैं, तो निस्संदेह आप समस्या का हल कर लेंगे। है न? तब जागी हुई अभिरुचि कार्य करने लगेगी। हम अंदर से, मानसिक तौर पर पता लगा सकते हैं कि हम क्यों इतनी अधिक ऊब की अवस्था में हैं। हम यह भी देख सकते हैं कि हममें से अधिकांश क्यों इस हालत में हैं; हमने अपने को भावनात्मक रूप से और दिमागी तौर पर भी थकाकर निढाल कर लिया है; हमने इतनी सारी चीजों, अनुभूतियों, मनोरंजनों, प्रयोगों को आजमाया है कि हम जड़, क्लांत हो चुके हैं। यदि हम एक मनोवैज्ञानिक से असंतुष्ट हो जाते हैं, तो किसी दूसरे के पास या फिर किसी धर्मगुरु के पास चले जाते हैं; यदि वहां असफल होते हैं, तो किसी तीसरे आचार्य के पास और इसी प्रकार क्रम चलता रहता है। हम हमेशा दर-दर भटकते रहते हैं। लगातार खुद को तानने और फिर छोड़ देने की यह प्रक्रिया निढाल करने वाली होती है। क्या नहीं होती? दूसरी सभी उत्तेजनाओं की तरह यह



शीघ्र ही मन को जड़ बना देती है। हमने यही किया है। एक संवेदन से दूसरे संवेदन की ओर; एक उत्तेजना से दूसरी उत्तेजना की ओर तब तक भागते जाना, जब तक कि थककर हम निढाल न हो जाएं। तो, अब इसका एहसास होने पर आप और आगे न जाएं, कुछ विश्राम करें। शांत हों और मन को स्वयं अपने से शक्ति प्राप्त करने दें, उसे बाध्य न करें। जैसे पृथ्वी पुनः अपने को नूतन कर लेती है, उसी प्रकार जब मन को शांत होने दिया जाता है, तो वह अपने को नूतन कर लेता है। परंतु मन को शांत होने देना और इस सबके बाद उसे रिक्त रहने देना बड़ा दुष्कर है, क्योंकि मन हर समय कुछ-न-कुछ करते रहना चाहता है। याद रखिए, समस्या तभी है, जब आप किसी स्थिति को जैसी वह है, वैसी आप स्वीकार नहीं करते और उसे बदलना चाहते हैं। इसका यह मतलब नहीं कि मैं संतोष करके बैठने की वकालत कर रहा हूं, बात इसके उलट है। यदि हम जो हैं, उसे स्वीकार कर लें, तो देखेंगे कि वह बात, जिससे हम भयभीत हैं; वह स्थिति, जिसे हम ऊब, निराशा या भय कहते हैं, वह पूरी तरह से बदल गई है! जिस स्थिति से हम भयभीत थे, उसका पूर्णतया परिवर्तन हो चुका है। अतः अपने सोच-विचार के तरीकों को, उनकी प्रक्रिया को समझना बड़ा महत्वपूर्ण है। स्वबोध किसी अन्य से, किसी पुस्तक, किसी मनोविश्लेषक द्वारा नहीं हो सकता। यह आपको स्वयं प्राप्त करना होगा।

▶▶ प्रस्तुतिः जे कृष्णमूर्ति

## जीवन ऊर्जा

आचार्य विद्यासागरः जन्म 10 अक्टूबर 1946 — जन्म

# परिश्रम से बड़ा कोई दूसरा धर्म नहीं

आचार्य विद्यासागर का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को भारत के मध्य प्रदेश के विदिशा जिले की ग्यारसपुर तहसील में स्थित सादरी नामक एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका जन्म का नाम विद्या सागर था और बाद में वे सबसे सम्मानित जैन भिक्षुओं में से एक बन गए, जो अपनी आध्यात्मिक शिक्षाओं, सख्त अनुशासन और जैन धर्म के सिद्धांतों के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं।



मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं होता है। सच्ची सफलता वही है जो आत्म-शांति के साथ मिले। संयम ही जीवन का असली आभूषण है। आत्मा की शुद्धि के बिना परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं। धैर्य से बढ़कर कोई दूसरा तप नहीं। साधना का मार्ग कठिन है, परंतु यही मार्ग मोक्ष की ओर ले जाता है। अपने भीतर की शक्ति को पहचानो, सारी समस्याओं का हल वही है। संसार में जो भी श्रेष्ठ है, वह तपस्या से ही प्राप्त होता है। सुख-दुःख जीवन के अभिन्न हिस्से हैं, इन्हें समभाव से स्वीकारो। दूसरों की गलतियों को माफ करना, खुद के लिए भी उतना ही जरूरी है। शांति पाने का रास्ता स्वयं के अंदर की ओर है, बाहर नहीं। मन को जीतना ही असली विजय है। कर्म करो, फल की चिंता मत करो। सच्चा ज्ञान वही है जो आपके आचरण में प्रकट हो। सच्ची श्रद्धा से ही आत्मा की उन्नति होती है। त्याग ही जीवन को सार्थक बनाता है। जो स्वयं पर विश्वास करता है, वही संसार को जीत सकता है। परिश्रम से बड़ा कोई दूसरा धर्म नहीं। अहिंसा केवल शब्द नहीं, यह जीवन जीने का तरीका है। समय सबसे बड़ा शिक्षक है, उससे सीखने का प्रयास करो। जितना तुम दूसरों को दोगे, उतना ही तुम्हें मिलेगा। सच्चा सुख परोपकार में है, स्वार्थ में नहीं। मौन और साधना जीवन को उन्नत बनाते हैं। कठिनाइयों में ही व्यक्ति की असली परीक्षा होती है। विचारों की शुद्धि से ही आत्मा की शुद्धि संभव है। अज्ञान अंधकार है, ज्ञान ही प्रकाश है। स्वयं को जानना ही सच्ची उपलब्धि है। त्याग बिना सच्ची साधना संभव नहीं है। प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखना, सच्ची आस्था का प्रमाण है। मुक्ति का मार्ग त्याग और संयम से होकर ही जाता है। आत्मा की खोज ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# नरसी भगत की कहानी

एक बार नरसी जी का बड़ा भाई नरसी जी के घर आया। पिता जी का वार्षिक श्राद्ध करना था। भाई ने नरसी जी से कहा कल पिताजी का वार्षिक श्राद्ध करना है।कहीं अड्डेबाजी मत करना बहु को लेकर मेरे यहाँ आ जाना।काम-काज में हाथ बटाओगे तो तुम्हारी भाभी को आराम मिलेगा। नरसी जी ने कहा पूजा पाठ करके ही आ सकूँगा।' इतना सुनना था कि भाई उखड गए और बोले -

'जिन्दगी भर यही सब करते रहना, जिसकी गृहस्थी भिक्षा से चलती है, उसकी सहायता की मुझे जरूरत नहीं है।तुम पिताजी का श्राद्ध अपने घर पर अपने हिसाब से कर लेना। 'नरसी जी ने कहा नाराज क्यों होते हो भैया? मेरे पास जो कुछ भी है, मैं उसी से श्राद्ध कर लूँगा। दोनों भाईयों के बीच श्राद्ध को लेकर झगडा हो गया है, नागर-मंडली को मालूम हो गया।नरसी अलग से श्राद्ध करेगा, ये सुनकर नागर मंडली ने बदला लेने की सोची। पुरोहित प्रसन्न राय ने सात सौ ब्राह्मणों को नरसी के यहाँ आयोजित श्राद्ध में आने के लिए आमंत्रित कर दिया। अब कहीं से इस





षड्यंत्र का पता नरसी मेहता जी की पत्नी मानिकबाई जी को लग गया वह चिंतित हो उठी।

अब दुसरे दिन नरसी जी स्नान के बाद श्राद्ध के लिए घी लेने बाज़ार गए। नरसी जी घी उधार में चाहते थे पर किसी ने उनको घी नहीं दिया। अंत में एक दुकानदार राजी हो गया पर ये शर्त रख दी कि नरसी को भजन सुनाना पड़ेगा।

बस फिर क्या था, मन पसंद काम और उसके बदले घी मिलेगा, ये तो आनंद हो गया।अब हुआ ये कि नरसी जी भगवान का भजन सुनाने में इतने तल्लीन हो गए कि ध्यान ही नहीं रहा कि घर में श्राद्ध है।अब नरसी मेहता जी गाते गए भजन उधर नरसी के रूप में भगवान कृष्ण श्राद्ध कराते रहे। यानी की दुकानदार के यहाँ नरसी जी भजन गा रहे हैं और वहां श्राद्ध कृष्ण भगवाननरसी जी के भेस में करवा रहे हैं। जय हो, जय हो वाह प्रभू क्या माया है।

प्रबल प्रेम के पाले पड़ कर, प्रभु को नियम बदलते देखा। अपना मान भले टल जाये, भक्त मान नहीं टलते देखा।

तो महाराज सात सौ ब्राह्मणों ने छककर भोजन किया। दक्षिणा में एक एक अशर्फी भी प्राप्त की। सात सौ ब्राह्मण आये तो थे नरसी जी का अपमान करने और कहाँ बदले में सुस्वादु भोजन और अशर्फी दक्षिणा के रूप में नरसी जी को होश आया तो घर आए और बोले आने में ज़रा देर हो गयी।क्या करता, कोई उधार का घी भी नहीं दे रहा पत्नि बोली स्वयं खड़े होकर तुमने श्राद्ध का सारा कार्य किया। ब्राह्मणों को भोजन करवाया, दक्षिणा दी। ये बात सुनते ही नरसी जी समझ गए कि उनके इष्ट स्वयं उनका मान रख गए। गरीब के मान को, भक्त की लाज को परम प्रेमी करूणामय भगवान ने बचा ली।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# सहनशील बनें

एक दरोगा किसी संत की शिक्षाओं और सिद्धि से बहुत प्रभावित था। उसने अब तक उसके बारे में सुना ही था। कभी मिलना नहीं हुआ था। उन्हें गुरु मानने की इच्छा से वह उनकी खोज में निकल पड़ा। लगभग आधा रास्ता पार करने के बाद दरोगा को केवल धोती पहने एक साधारण सा व्यक्ति दिखाई दिया। दरोगा ने उससे पूछा कि फलां संत का आश्रम कहां है? वह व्यक्ति दरोगा की बात अनसुनी करके अपना काम करता रहा। भला दरोगा को यह कैसे सहन होता? लोग तो उसके नाम से ही थर-थर कांपते थे। उसने आव देखा न ताव, लगा उसे उल्टा-सीधा बोलने। इस पर भी व्यक्ति मौन रहकर अपना काम ही करता रहा। दरोगा से ना रहा गया तो उसने आग बबूला होते हुए उसे एक ठोकर मारी और आगे बढ़ गया। थोड़ा आगे जाने पर दरोगा को एक और आदमी मिला। दरोगा ने उसे भी रोक कर पूछा, 'क्या तुझे पता है कि वह फलां संत कहां रहते हैं?' वह व्यक्ति बोला, 'उन्हे कौन नहीं जानता, वह तो उधर ही रहते हैं, जिधर से आप आ रहे हैं। यहां से थोड़ी ही दूर पर उनका आश्रम है। मैं भी उनके दर्शन के लिए ही जा रहा हूं। आप मेरे साथ चलिए।'

दरोगा मन ही मन प्रसन्न होते हुए साथ चल दिया। राहगीर जिस व्यक्ति के पास दरोगा को लेकर गया, उसे देख कर दरोगा लज्जित हो उठा। वह वही व्यक्ति थे, जिसे उसने ठोकर मारी थी।

वह संत के चरणों में पड़कर क्षमा मांगने लगा। बोला, 'महात्मन्, मुझे क्षमा कर दीजिए, मुझसे अनजाने में अपराध हो गया।' बात सुनकर संत हंसते हुए बोले,'भाई। इसमें बुरा मानने की क्या बात? कोई मिट्टी का घड़ा भी खरीदता है तो ठोक-बजाकर देख लेता है। तुम तो मुझे गुरु बनाने आए थे।'

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बनाएं करियर

एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में उड़ने वाली चीज़ों को डिज़ाइन करना और बनाना शामिल है, जैसे कि हवाई जहाज़, हेलीकॉप्टर और रॉकेट। भारत में, यह करियर बढ़ रहा है क्योंकि ज़्यादा लोग उड़ान भर रहे हैं और अंतरिक्ष अन्वेषण ज़्यादा लोकप्रिय हो रहा है। एयरोनॉटिकल इंजीनियर यह सुनिश्चित करते हैं कि विमान सुरक्षित, तेज़ और अच्छी तरह से काम करें। वे हवाई यात्रा और अंतरिक्ष मिशन के लिए नई, रोमांचक तकनीक बनाने में भी मदद करते हैं। अगर आप इस बारे में उत्सुक हैं कि विमान कैसे उड़ते हैं या रॉकेट अंतरिक्ष में कैसे पहुंचते हैं, तो यह नौकरी आपके लिए एकदम सही हो सकती है। यह एक मज़ेदार और चुनौतीपूर्ण करियर है जहाँ आप समस्याओं को हल कर सकते हैं और यात्रा और अन्वेषण के भविष्य को आकार देने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, भारत में नौकरी के बहुत सारे अवसर हैं!



नीलम रामअवध

## एयरोनॉटिकल इंजीनियर क्या करते हैं?

एयरोनॉटिकल इंजीनियर विमान और अंतरिक्ष यान से संबंधित कई कार्यों पर काम करते हैं। कुछ सामान्य कर्तव्यों में शामिल हैं :

**विमान डिजाइन करना :** एयरोनॉटिकल इंजीनियर हवाई जहाज, हेलीकॉप्टर, ड्रोन और यहां तक कि अंतरिक्ष यान के लिए योजनाएं और डिजाइन बनाते हैं। वे यह सुनिश्चित करने के लिए कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हैं कि उनके डिजाइन कुशल और सुरक्षित हैं।

**विमान का परीक्षण :** किसी विमान के उड़ान भरने से पहले, उसका परीक्षण किया जाना चाहिए। इंजीनियर यह सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण करते हैं कि विमान उच्च गति, अत्यधिक तापमान और दबाव में बदलाव जैसी विभिन्न स्थितियों को संभाल सकता है।

**विमान का रखरखाव :** यह सुनिश्चित करना कि विमान उड़ान भरने के लिए सुरक्षित हैं, नौकरी का एक बड़ा हिस्सा है। एयरोनॉटिकल इंजीनियर विमान प्रणालियों की मरम्मत और उन्नयन के लिए रखरखाव टीमों के साथ काम करते हैं।

**नई तकनीक विकसित करना :** इंजीनियर हमेशा नए विचारों पर काम करते रहते हैं, जैसे विमान को अधिक ईंधन-कुशल या शांत बनाना। वे ऐसी सामग्री भी विकसित करते हैं जो चरम स्थितियों का सामना कर सकती हैं, जैसे कि जब कोई अंतरिक्ष यान पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करता है तो गर्मी।

## शैक्षिक आवश्यकताएं

भारत में एयरोनॉटिकल इंजीनियर बनने के लिए, आपको एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग या एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करनी होगी। कुछ सामान्य शैक्षिक पथों में शामिल हैं:

**एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) :** यह चार साल का स्नातक कार्यक्रम है। इसमें वायुगतिकी, प्रणोदन, विमान संरचना और सामग्री विज्ञान जैसे विषय शामिल हैं।

**एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.टेक) :** बी.टेक पूरा करने के बाद, कुछ छात्र उन्नत ज्ञान और बेहतर नौकरी के अवसरों के लिए एम.टेक करते हैं। यह दो साल का कार्यक्रम है। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमाः यह तीन साल का कोर्स है जिसे 10वीं कक्षा पूरी करने के बाद किया जा सकता है। यह एयरोनॉटिकल इंडस्ट्री में काम करने के लिए एक प्रवेश स्तर की योग्यता है। भारत में एक अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश पाने के लिए, आपको भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) और अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों जैसे शीर्ष संस्थानों के लिए JEE (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) जैसी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

## एयरोनॉटिकल इंजीनियर के लिए आवश्यक कौशल

एयरोनॉटिकल इंजीनियर बनने के लिए तकनीकी और सॉफ्ट स्किल्स का मिश्रण होना आवश्यक है। कुछ प्रमुख कौशल में शामिल हैं:

**मजबूत गणित और भौतिकी ज्ञान :** एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में विमान पर काम करने वाली गति, दबाव और बलों से संबंधित बहुत सारी गणनाएँ शामिल होती हैं।

समस्या-समाधान कौशलः इंजीनियरों को जटिल समस्याओं का समाधान खोजने की आवश्यकता होती है, जैसे ईंधन दक्षता में सुधार या यांत्रिक मुद्दों को हल करना।

विवरण पर ध्यानः विमानन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इंजीनियरों को अपने डिजाइन और रखरखाव के दौरान हर विवरण पर ध्यान देना चाहिए।

कंप्यूटर कौशलः एयरोनॉटिकल इंजीनियर विमान को डिजाइन और परीक्षण करने के लिए विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हैं। कंप्यूटर-एडेड डिज़ाइन (CAD) टूल से परिचित होना आवश्यक है।

टीमवर्कः इंजीनियर अक्सर टीमों में काम करते हैं, अन्य इंजीनियरों, तकनीशियनों और पेशेवरों के साथ सहयोग करते हैं। अच्छा संचार और टीमवर्क कौशल महत्वपूर्ण हैं।

## नौकरी के अवसर

भारत में विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, जो वैमानिकी इंजीनियरों के लिए कई रोजगार के अवसर पैदा करता है। कुछ प्रमुख क्षेत्र जहां वैमानिकी इंजीनियर नौकरी पा सकते हैं, उनमें शामिल हैंः

**विमान निर्माण कंपनियाँ :** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) जैसी कंपनियाँ और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और महिंद्रा एयरोस्पेस जैसी निजी फर्म विमान डिजाइन और निर्माण के लिए वैमानिकी इंजीनियरों को नियुक्त करती हैं।

**रक्षा क्षेत्र :** भारतीय रक्षा उद्योग, जिसमें रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) जैसे संगठन शामिल हैं, लड़ाकू जेट, मानव रहित हवाई वाहन (UAV) और अंतरिक्ष मिशन पर काम करने के लिए वैमानिकी इंजीनियरों को नियुक्त करते हैं।

**एयरलाइंस :** एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी एयरलाइनों के लिए विमान बेड़े को बनाए रखने और अपग्रेड करने के लिए वैमानिकी इंजीनियरों की आवश्यकता होती है। इन विमानों की सुरक्षा और प्रदर्शन सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

**निजी और सरकारी अनुसंधान संस्थानः** एयरोस्पेस अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने वाले संस्थान भी वैमानिकी इंजीनियरों को नौकरी देते हैं। यहां काम करने वाले इंजीनियर उड़ान में नई तकनीक और नवाचार विकसित करते हैं।

**एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल) सेवाएं :** ये कंपनियां विमानों के रखरखाव और मरम्मत में विशेषज्ञ हैं। एयरोनॉटिकल इंजीनियर यह सुनिश्चित करते हैं कि विमान उड़ान के योग्य रहें और सुरक्षा मानकों का पालन करें।

## वेतन और करियर ग्रोथ

भारत में, एक एयरोनॉटिकल इंजीनियर का वेतन अनुभव, स्थान और नियोक्ता के आधार पर अलग-अलग हो सकता है। औसतन, इस क्षेत्र में एक नया स्नातक प्रति वर्ष लगभग 3 से 6 लाख के शुरुआती वेतन की उम्मीद कर सकता है। अनुभव के साथ, यह काफी बढ़ सकता है, वरिष्ठ इंजीनियरों को प्रति वर्ष 15 लाख या उससे अधिक तक की कमाई हो सकती है। रक्षा या अंतरिक्ष क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए, वेतन और भी अधिक हो सकता है। जो इंजीनियर प्रबंधकीय भूमिकाएँ लेते हैं या वायुगतिकी या प्रणोदन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं, वे भी तेज़ी से करियर ग्रोथ देख सकते हैं।

## क्षेत्र में चुनौतियां

जबकि एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग रोमांचक अवसर प्रदान करती है, चुनौतियाँ भी हैं। काम बहुत मांग वाला हो सकता है, सख्त समय सीमा और सुरक्षा और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए उच्च दबाव के साथ। यह क्षेत्र बहुत प्रतिस्पर्धी भी है, और नवीनतम तकनीकी प्रगति के साथ बने रहना महत्वपूर्ण है।

## भारत में यरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का भविष्य

हवाई यात्रा की बढ़ती मांग और एयरोस्पेस तकनीक में प्रगति के साथ भारत का विमानन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। मेक इन इंडिया पहल के लिए सरकार का जोर विमान और रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दे रहा है, जिससे वैमानिकी इंजीनियरों के लिए अधिक अवसर पैदा हो रहे हैं। गगनयान (भारत का चालक दल वाला अंतरिक्ष मिशन) जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रमों के विकास और ड्रोन और यूएवी के बढ़ते उपयोग के साथ, भारत में वैमानिकी इंजीनियरों के लिए भविष्य उज्ज्वल दिखता है। निष्कर्ष रूप में, वैमानिकी इंजीनियरिंग में करियर उन्नत विमान डिजाइन करने से लेकर अंतरिक्ष मिशन में भाग लेने तक के कई अवसर प्रदान करता है। सही शिक्षा, कौशल और दृढ़ संकल्प के साथ, आप भारत में इस रोमांचक क्षेत्र में एक पुरस्कृत करियर बना सकते हैं।

# RRB NTPC भर्ती के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

## अब 27 अक्टूबर तक करें अप्लाई, 8113 पदों पर वैकेंसी

रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB) ने एनटीपीसी गैर-तकनीकी श्रेणी के लिए आवेदन की लास्ट डेट आगे बढ़ा दी है। रेलवे द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार आरआरबी एनटीपीसी अंडर ग्रेजुएट के लिए आवेदन की लास्ट डेट 27 अक्टूबर और ग्रेजुएट लेवल के लिए 20 अक्टूबर कर दी गई है। उम्मीदवार RRB की ऑफिशियल वेबसाइट rrbcdg.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। अंडर ग्रेजुएट पदों के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स 30 अक्टूबर से 6 नवंबर तक और ग्रेजुएट लेवल के लिए 23 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक एप्लीकेशन फॉर्म में करेक्शन कर सकते हैं।



**RRB NTPC भर्ती**

| पद | नंबर ऑफ पोस्ट |
|---|---|
| मालगाड़ी मैनेजर सहित अन्य | 8113 |

आवेदन शुरू 14 सितंबर 2024

| लास्ट डेट | फीस |
|---|---|
| 27 अक्टूबर 2024 | 500 रुपए |

### वैकेंसी डिटेल्स

चीफ कमर्शियल कम टिकिट सुपरवाइजर : 1736
स्टेशन मास्टर : 994
गुड्स ट्रेन मैनेजर : 3144
जूनियर अकाउंट असिस्टेंट कम टाइपिस्ट : 1507
सीनियर क्लर्क कम टाइपिस्ट : 732

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की डिग्री।
कंप्यूटर पर अंग्रेजी / हिंदी टाइपिंग में एक्सपर्ट होना चाहिए।

### आयु सीमा

न्यूनतम : 18 वर्ष
अधिकतम : 36 वर्ष

### सैलरी

पे लेवल - 5 के तहत 35,400 रुपए प्रतिमाह।

### फीस

**जनरल :** 500 रुपए
दिव्यांग, महिला, ट्रांसजेंडर, भूतपूर्व सैनिक, एससी/एसटी और आर्थिक रूप से पिछड़े उम्मीदवार : 250 रु.

### सिलेक्शन प्रोसेस

सीबीटी - 1
सीबीटी - 2

### ऐसे करें आवेदन

- आरआरबी की ऑफिशियल वेबसाइट rrbcdg.gov.in पर जाएं।
- होम पेज पर CEN-05/2024 और CEN-06/2024 के टैब पर क्लिक करें।
- अप्लाई के लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें।
- फॉर्म भरें और डाक्यूमेंट्स अपलोड करें।
- एप्लीकेशन फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट करें।
- इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

# 6025 लीव ट्रेनिंग रिजर्व टीचर पदों पर भर्ती, करें आवेदन

ओडिशा में शिक्षकों के लिए सरकारी नौकरी का एक सुनहरा मौका निकला है। ओडिशा स्टाफ सेलेक्शन कमिशन ने लीव ट्रेनिंग रिजर्व टीचर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के तहत 6025 पदों पर भर्ती की जाएगी। एलटीआर शिक्षकों की भर्ती स्कूल एंड मास एजुकेशन डिपार्टमेंट ओडिशा के तहत आने वाले सरकारी सेकेंडरी स्कूलों में की जाएगी। जो योग्य उम्मीदवार हैं, वो आधिकाारिक वेबसाइट ossc.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा विज्ञापन के लिंक से आप अच्छे से इस पोस्ट के लिए जरूरी जानकारी पढ़ सकते हैं। अभी इस भर्ती का शार्ट नोटिफिकेशन जारी हुआहै। जल्द ही इसका डिटेल्ड विज्ञापन जारी किया जाएगा। जहां से उम्मीदवार इसके बारे में सारी जानकारी पढ़ सकेंगे। अभी आवेदन शुरू होने की तारीख और आवेदन खत्म होने की तारीख भी जारी नहीं की गई है। शैक्षिक योग्यता, कोर्स, प्लान और परीक्षा के पैटर्न से संबंधित डिटेल्डविज्ञापन में देखा जा सकेगा। अधिक संबंधित विवरण के लिए उम्मीदवार ओएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं।



### वैकेंसी डिटेल्स

इस भर्ती के माध्यम से कुल 6025 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें से 1988 पद महिला अभ्यर्थियों के लिए रिजर्व रखें गए हैं। यहां देखें पदों की संख्या और पदों के नाम :

**टीजीटी आर्ट्स :** 1984 पद
टीजीटी साइंस (पीसीएम): 1020 पद
टीजीटी साइंस (सीबीजेड): 880 पद
**हिंदी शिक्षक :** 711 पद
**शास्त्रीय (संस्कृत) शिक्षक :** 729 पद
**तेलुगु शिक्षक :** 6 पद
**उर्दू शिक्षक :** 14 पद
**शारीरिक शिक्षा शिक्षक :** 681 पद

### उम्र सीमा

इन पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवारों की उम्र 21 साल से कम और 38 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। 1.01.2024 से उम्र की गणना की जाएगी।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – आज व्यवसाय ठीक चलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**वृष** – पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कर्क** – धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह** – पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें।

**कन्या** – पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी।

**तुला** – दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्म-विश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं।

**वृश्चिक** – शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – व्यावसायिक यात्रा में आज सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

**मकर** – कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ** – नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी।

**मीन** – आज कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी।

# जन्म कुंडली में किन ग्रहों के संयोग व्यक्ति को बनाते हैं धनवान

अपार धन योग (अखंड धन योग ) धन योग। कुंडली में अपार धन योग (अखंड धन योग) बहुत ही विशेष योग तथा संयोग के द्वारा ही बनते है।

जब ये विशेष योग तथा संयोग कुंडली में बनते है जातक तभी धनिक बन पाता है तथा उसके जीवन में धन की देवी मुस्कुराती है। जब हम ज्योतिष में अपार धन योग अथवा अखंड धन योग के विषय में ये भ्रांति युक्त धारणा व्याप्त है कि कुंडली में त्रिकोण भाव का बली होने पर अथवा केंद्र त्रिकोण की युति बनना अपार धन योग बनाते है ... लेकिन जब हम वास्तविक जीवन में इन योगों अथवा स्थितियों को परखते है तो हमें दूर दूर तक इनमें सच्चाई नहीं दिखती। जितने भी धनी व्यक्ति है अथवा जिन्होंने अपार धन कमाया है या प्राप्त किया है उनकी कुंडली मे त्रिकोण भाव इतने प्रबल कभी नहीं होते क्यों कि त्रिकोण भावों के पास धन देने की शक्ति नही होती ..






प्रियंका जैन
9769994439

कुंडली में अपार धन योग (अखंड धन योग) बहुत ही विशेष योग तथा संयोग के द्वारा ही बनते है। जब ये विशेष योग तथा संयोग कुंडली में बनते है जातक तभी धनिक बन पाता है तथा उसके जीवन में धन की देवी मुस्कुराती है

कुंडली में अपार धन योग (अखंड धन योग )

जब तक किसी व्यक्ति की कुंडली में धन भाव सक्रिय नहीं होते तब तक उसे कभी धन ना तो प्राप्त होता है ना ही वह अपनी मेहनत से कभी भी धन कमा ही पाता है ..

आइये जानते है कौनसे भाव जन्म कुंडली में धन दायक भाव होते हैं।

**कुंडली में धन भावः-**

जन्म कुंडली में समस्त 12 भावों को क्रमशः चार भागों में बांटा गया है इनके नाम है ..

धर्म भाव - 1 5 9 ( प्रथम , पंचम, नवम)

अर्थ भाव - 2 6 10 (अर्थ भाव,आमदनी आय भाव)

काम भाव - 3 7 10 ( सभी कर्म जो जीवन की वृद्धि में सहायक है)

मोक्ष भाव - 4 8 12 (ये जीवन मे सुख, कष्ट , मृत्यु , मोक्ष को बताते है)

जब हम धन , आय , आमदनी तथा जीवन में कर्म अथवा बिना कर्म के धन प्राप्ति के विषय मे बात करते है तो 2 6 10 भाव आय अथवा आमदनी के तथा 3 7 11 भाव धन प्राप्ति के लिए किए गए कर्म के विषय में बताते हैं। बिना इन भावों के सक्रिय हुए अथवा बिना इन भावों के सहयोग के जातक कभी भी धनी नहीं हो सकता, चाहे वह अपनी मेहनत से कर्म करके धन कमाए या फिर उसे बिना मेहनत के धन प्राप्त हो या चाहे कोई पुश्तेनी धन प्राप्ति की बात ही क्यों ना हो।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री संजय निषाद सड़क हादसे में घायल

**प्रतापगढ़।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद सड़क हादसे में घायल हो गए। बुधवार को वह प्रतापगढ़ में समीक्षा बैठक करने के लिए आ रहे थे। रास्ते में हादसा हो जाने से वह घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी होते ही पार्टी के तमाम पदाधिकारियों के साथ पुलिस प्रशासन और महकमे के आला अधिकारी पहुंच गए। लखनऊ से प्रतापगढ़ समीक्षा बैठक में शामिल होने आ रहे मंत्री संजय निषाद के एस्कॉर्ट की गाड़ियां बाइक सवार को बचाने के चक्कर में आपस में टकरा गई, जिससे वहां छटग्रस्त हो गए मंत्री को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए जांच के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### उजियारपुर में सांड ने महिला को मार डाला

**उजियारपुर :** प्रखंड की रामचंद्रपुर अंधैल पंचायत के चंदौली गांव में सांड ने हिंसक रूप लेकर वृद्ध महिला पर हमला कर दिया। हमला उस वक्त हुआ, जब महिला अपने घर के बरामदे में सो रही थी। सांड ने महिला पर कई बार हमला किया। सांड तब तक हमला करता रहा, जब तक महिला बेदम नहीं हो गयी। हमले में महिला के कई अंगों में गंभीर चोटें आयी। हमले में जख्मी महिला को परिजन ले गये। जहां महिला ने दम तोड़ दिया। महिला पर हमले के बाद भी सांड शांत नहीं हुआ। आसपास के घर व बचाने आये लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। सांड के इस हमले में करीब आधा दर्जन लोग जख्मी भी हो गये। इस घटना से आसपास के कई गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। सड़क पर चलनेवाले राहगीर, खेती-बाड़ी के लिए निकलने से लोग खौफ खा रहे हैं। बच्चे भी अपने घर में सहमे हुए हैं।

### क्लास रूम में सोकर मोबाइल चलाते हैं गुरुजी

**सिवान।** सिसवन के प्रखंड के एक सरकारी स्कूल के टीचर का क्लास रूम मे बेंच पर सो कर मोबाइल चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो प्रखंड के पड़री गांव स्थित मध्य विद्यालय का बताया गया है। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी शिक्षक अभिषेक दुबे है। ग्रामीणों का कहना है कि वायरल वीडियो मे दिखने वाला शिक्षक अक्सर स्कूल में आकर पढ़ने के बजाय सो कर मोबाइल चलाते हैं जिसका वीडियो किसी ग्रामीण द्वारा बनाया गया है। इधर वीडियो के वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है, उनका कहना है कि अगर टीचर बच्चों के सामने क्लासरूम में ऐसे ही सोएंगे तो बच्चों पर इसका क्या असर पड़ेगा।

यूपी उपचुनाव

# सपा ने छह उम्मीदवारों की घोषणा की

**करहल से तेज प्रताप यादव मैदान में**

**एजेंसी । लखनऊ**

समाजवादी पार्टी ने यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए छह सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने करहल विधानसभा सीट पर तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव विधायक चुने गए थे पर सांसद बनने के बाद सीट खाली हो गई थी। इसी तरह सीसामऊ विधानसभा सीट से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मंझवा विधानसभा सीट से डॉ. ज्योति बिंद को प्रत्याशी बनाया गया है।

### 10 विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव



यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा जिसके लिए सभी दलों ने तैयारियां कर ली हैं। सपा के चार और सीटों पर प्रत्याशी घोषित न करने को कांग्रेस के साथ गठबंधन की बात कही जा रही है। बता दें कि उपचुनाव में कांग्रेस ने सपा से पांच सीटों की मांग की थी लेकिन छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित होने से यह साफ है कि सपा ने कांग्रेस का फॉर्मूला मानने से इनकार कर दिया है।

### भाजपा ने नौ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर किया मंथन

उपचुनाव की तैयारियों के मद्देनजर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई थी। जिसमें नौ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मंथन हुआ। बैठक में सभी नौ सीटों के लिए कुल 27 नामों के पैनल को फाइनल किया गया था। मुख्यमंत्री आवास पर दोनों उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल की मौजूदगी में एक घंटे से अधिक समय तक बैठक चली थी।

# सिपाही ने फेसबुक फ्रेंड से होटल में किया दुष्कर्म

**अश्लील वीडियो बनाकर 20 लाख रुपये भी वसूले**

**एजेंसी । लखनऊ**

यूपी के लखनऊ से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक सिपाही की हरकतों से वर्दी दागदार हो गई। दरअसल आगरा पीएसी में तैनात एक सिपाही फेसबुक फ्रेंड से होटल में रेप किया। फिर उसने अश्लील वीडियो बनाकर 20 लाख रुपये ऐंठ लिए। जानकारी के मुताबिक उसने गर्भपात भी करा दिया। मामले की तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### फेसबुक पर हुई दोस्ती



महिला के मुताबिक 2022 में एटा के रहने वाले सिपाही विकास यादव से फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। महिला का पति से विवाद चल रहा है। जब इस बात की जानकारी सिपाही को हुई तो उसने शादी का प्रस्ताव रखा। जनवरी 2023 में उसने महिला को लुलु मॉल बुलाया। फिर वहां से चारबाग के एक होटल ले गया। जहां नशीला पदार्थ खिलाकर रेप किया। सिपाही ने अश्लील वीडियो भी बना लिया। बाद में वीडियो दिखाकर 20 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। जून 2023 में कोर्ट मैरिज की लेकिन साथ रहने को 15 लाख रुपये मांगने लगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु भाई महंत शांतिनाथ का निधन

**एजेंसी । पीलीभीत**



पीलीभीत के बीसलपुर तहसील क्षेत्र के गांव न्यूरानपुर स्थित आश्रम के महंत योगी शांतिनाथ का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार की रात निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। महंत शांतिनाथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरुभाई थे। गोरखपुर मठ से आए योगी हनुमान नाथ ने बताया कि गांव न्यूरानपुर के आश्रम में उनके मठ से योगी शांतिनाथ वर्ष 1997 से रह रहे थे। वह दिल्ली के मूल निवासी थे। दिल्ली में ही उनकी शिक्षा हुई थी। वह उच्च शिक्षित थे। उन्होंने उत्तरांचल में दीक्षा ली। उसके बाद गोरखनाथ मठ से जुड़ गए। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु भाई थे। शांतिनाथ काफी समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने लखनऊ और गुरुग्राम के अस्पताल में उपचार भी कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पिछले कई दिनों से वह आश्रम में ही रह रहे थे। मंगलवार की रात उनका स्वास्थ्य खराब हुआ। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलसंडा में भर्ती कराया गया, जहां देररात उनका निधन हो गया। उसके बाद उनका पार्थिव शरीर आश्रम में लाया गया।


# इंटर्न की बर्थडे पार्टी में डांसरों संग लगाए ठुमके लगाते दिखे मेडिकल छात्र

**सीनियर हुए नाराज**

**एजेंसी । गोरखपुर**

यूपी के गोरखपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक इंटर्न की बर्थडे पार्टी में कुछ मेडिकल छात्र, डांसरों संग ठुमके लगाते नज़र आए। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से यह विभिन्न ग्रुपों में शेयर किया जा रहा था। इस पर सीनियर छात्र और डॉक्टर नाराज हैं। वीडियो में कथित रूप से कुछ इंटर्न और छात्र चार नर्तकियों के साथ डांस करते दिख रहे हैं। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। इस बारे में एम्स के मीडिया प्रभारी डॉ. अरूप मोहंती ने कहा है कि इस तरह के किसी वायरल वीडियो की शिकायत नहीं मिली है। अगर मिलती है तो मामले की जांच कराई जाएगी।

### वीडियो एक इंटर्न के पिछले महीने बर्थडे के दौरान का है



बताया जा रहा है कि यह वीडियो एक इंटर्न के पिछले महीने बर्थडे के दौरान का है। उसी उपलक्ष्य में पार्टी रखी गई थी। देर रात तक इंटर्न और मेडिकल छात्र पार्टी में मौजूद थे। वायरल वीडियो में जूनियर डॉक्टर भी चारों नर्तकियों के साथ डांस कर रहे थे। वायरल वीडियो में कुछ इंटर्न और डॉक्टर नोट उड़ा भी रहे हैं। बताया जा रहा है कि वीडियो कई दिन से एक-दूसरे के ग्रुप में शेयर किया जा रहा है। इसकी जानकारी जब एम्स के सीनियर डॉक्टरों को हुई तो उन्होंने नाराजगी जताई है। कार्यक्रम का आयोजन एम्स परिसर से बाहर एक मैरेज हॉल में किया गया था, जिसमें दो सौ से ज्यादा छात्र, इंटर्न और जूनियर डॉक्टर शामिल हुए थे। कुछ छात्राएं भी गई थीं। हालांकि, वे कुछ देर डांस देखने के बाद वापस आ गई थीं। बताया जा रहा है कि इसकी अनुमति किसी इंटर्न और डॉक्टर ने नहीं ली थी।

मालगाड़ी पलटाने की साजिश

# रेलवे ट्रैक पर रख दिए तीन क्विंटल के स्लीपर

**एजेंसी । रायबरेली**




रायबरेली-ऊंचाहार रेलखंड पर स्लीपर रखकर मालगाड़ी पलटाने की साजिश की जांच बुधवार को शुरू हो गई। शुरुआती जांच में मालगाड़ी पलटाने की साजिश में सात से आठ लोगों के शामिल होने का अंदेशा जताया जा रहा है। वजह एक स्लीपर का वजन करीब तीन क्विंटल होता है। ऐसे में एक-दो लोग स्लीपर उठाकर उसे रेल लाइन तक नहीं पहुंचा सकते हैं। ऐसे में जाहिर है कि ऐसा करने वालों की संख्या ज्यादा थी। इस साजिश के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं, यह पता लगाने के लिए जीआरपी, आरपीएफ के अधिकारी सिविल पुलिस का भी सहारा ले रहे हैं।

# फौजी से चौकी इंचार्ज ने ली 20 हजार रुपये रिश्वत

**एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ किया गिरफ्तार**

**एजेंसी । बदायूं**

बदायूं में एंटी करप्शन टीम ने बुधवार दोपहर कादरचौक के भूड़ा भदरौल चौकी इंचार्ज हरगोविंद सिंह यादव को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। उझानी रोड पर रामचंद्र शास्त्री मेमोरियल इंटर कॉलेज के सामने चतुरीनगला-शाहपुर मोड़ पर जैसे ही चौकी इंचार्ज ने रिश्वत ली। एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को पकड़ लिया और गाड़ी में बैठाकर उझानी थाने ले आई। कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव भुड़िया के रहने वाले ओमकार



सिंह फौज में हैं। उनका भाई से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों में कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। जिस पर चौकी प्रभारी ने दोनों को हिरासत में लेकर चौकी पर बैठा लिया। ओमकार के खिलाफ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर शांति भंग में चालान कर दिया था। जबकि उनके भाई को छोड़ दिया था। चौकी इंचार्ज ने ओमकार का मुकदमा खत्म कर भाई पर कार्रवाई के लिए 50 हजार रुपये की मांग की थी। 20 हजार रुपये में मामला तय हो गया। ओमकार ने चौकी प्रभारी की करतूत एंटी करप्शन टीम को बताई। इधर, ओमकार को चौकी इंचार्ज लगातार कॉल कर रहे थे। चौकी इंचार्ज ने रुपये देने के लिए उसे बुधवार को बुलाया था। इधर, एंटी करप्शन की टीम ने अपना जाल सुबह से ही बिछा रखा था। ओमकार ने टीम को बताया कि दरोगा उझानी रोड रामचंद्र शास्त्री मैमोरियल इंटर कॉलेज के सामने चतुरी नगला शाहपुर मोड़ पर है, वहीं रुपये लेगा।

# श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का प्रारंभ

**एजेंसी । कानपुर**

कानपुर के श्री अनंतम अशोक विहार बैकुण्ठपुर बिठुर कानपुर में महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वारूपानंद सरस्वती की परम अध्यक्षता में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का प्रारंभ हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक एवं श्री रामानुग्रह आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी श्री विनय स्वारूपानंद सरस्वती जी महाराज ने बताया कि कथा 15 अक्टूबर तक चलेगी ।संत सम्मेलन विशाल भंडारा का आयोजन 16 अक्टूबर शरद पूर्णिमा के दिन किया जायेगा। ज्ञानयज्ञ कथा के प्रथम दिवस पर प्रयागराज से पधारे कथा व्यास श्री अप्रमेय प्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से समस्त जीवों का कल्याण होता है एवं



पितरों के उद्धार के लिए भागवत कथा से बढ़कर कोई दूसरा साधन नहीं है, भागवत श्रवण के संकल्प मात्र से ही पितृ लोक में पितरों को घी और मधु पिलाकर संतुष्ट किया जाता है। महाराज जी ने बताया कि गुरु सेवा ही जीवन का सर्वस्व है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरु कृपा की महती आवश्यकता है। भक्ति महारानी की कथा, गोकर्ण उपाख्यान एवं अन्त में भागवत श्रवण की विधि बताकर पूज्य स्वामी जी का आशीर्वचन प्राप्त करते हुए सत्र को विश्राम दिया गया।




# अंतिम घंटे की बिकवाली से बाजार गिरे

**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीतिगत रुख में बदलाव के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार बढ़त लेने के बाद आखिरी घंटे में बिकवाली की वजह से नीचे आ गया। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 168 अंक और निफ्टी में 31 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक के नीतिगत रुख को तटस्थ करने से बाजार को समर्थन मिला था लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार ने अपनी बढ़त गंवा दी। जानकारों ने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के मुद्रास्फीति अनुमान को बढ़ाने से यह स्पष्ट होता है कि महंगाई आरबीआई के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इससे निवेशकों ने कारोबार बंद होने के पहले मुनाफावसूली को तरजीह दी। वहीं लागत कीमतों में उतार-चढ़ाव और मार्जिन पर प्रभाव ने दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों को गिरा दिया।



### सेंसेक्स 167.71 अंक गिरकर 81,467.1 अंक पर बंद

सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 167.71 अंक गिरकर 81,467.1 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 684.4 अंक उछलकर 82,319.21 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 31.20 अंक गिरकर 24,981.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 220.9 अंक की बढ़त के साथ 25,234.05 अंक पर पहुंचा था।

### निवेशकों की संपत्ति में करीब तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 462.47 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.50 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.97 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### बीएसई में 4,049 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,049 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,716 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,237 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 96 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,510 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,708 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 802 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

### टॉप लूजर्स और गेनर्स

बाजार पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में लिए गए फैसलों का असर नजर आया। आरबीआई ने रेपो दर में तो कोई बदलाव नहीं किया लेकिन यह ब्याज दरों में भावी कटौती की तरफ पहला कदम उठाते हुए नजर आई। इसने अपने अपेक्षाकृत आक्रामक नीतिगत रुख को तटस्थ कर दिया।

# अब यूपीआई लाइट के जरिए एक बार में होगा एक हजार रुपए का भुगतान

**वॉलेट की सीमा 2000 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए की गई**

**एजेंसी । मुंबई**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की बढ़ती लोकप्रियता को बढ़ावा देने के मकसद से यूपीआई लाइट के



जरिए लेन-देन की सीमा बढ़ाकर एक हजार रुपए और वॉलेट की सीमा 5 हजार रुपए करने का प्रस्ताव किया है। फिलहाल यूपीआई लाइट के जरिए लेन-देन की सीमा 500 रुपए और 2 हजार रुपए है। आरबीआई इस बारे में जल्दी ही दिशा-निर्देश जारी करेगा।

### 'यूपीआई 123 पे' की सुविधा अब 12 भाषाओं में उपलब्ध

तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए बुधवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लगातार नवोन्मेष और स्वीकार्यता के साथ यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आसान और समावेशी बनाकर देश के वित्तीय परिदृश्य को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन डिजिटल माध्यम से छोटे मूल्य के भुगतान की सुविधा के लिए यूपीआई लाइट से जुड़ी आरबीआई की रूपरेखा में उपयुक्त संशोधन किया जाएगा। इसके अलावा 'यूपीआई 123 पे' की सुविधा अब 12 भाषाओं में उपलब्ध होगी।

### प्रति लेन-देन की सीमा 5 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए करने का प्रस्ताव

शक्तिकांत दास ने आगे कहा कि यूपीआई के उपयोग को और प्रोत्साहित करने तथा और समावेशी बनाने को लेकर यूपीआई 123 पे में प्रति लेन-देन की सीमा 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपए करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके साथ ही यूपीआई वॉलेट की सीमा 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए करने और प्रति लेन-देन की सीमा को भी एक हजार रुपए करने का निर्णय लिया गया है।

# देश का सबसे बड़ा हुंदै का आईपीओ मंगलवार को खुलेगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड का 27,870 करोड़ रुपए का आईपीओ 15 अक्तूबर को खुलेगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,865-1,960 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। यह भारत में सबसे बड़ा आईपीओ होगा। इससे पहले सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम के आईपीओ का आकार 21,000 करोड़ रुपए था। इनके अलावा, भारत में पेटीएम की मूल कंपनी




वन97 कम्युनिकेशंस नवंबर, 2021 में 18,300 करोड़ रुपए का आईपीओ लाई थी। इसके अलावा कोल इंडिया लिमिटेड ने अक्तूबर, 2010 में 15,199 करोड़ रुपए का आईपीओ पेश किया था। रिलायंस पावर ने जनवरी, 2008 में 11,563 करोड़ रुपए का आईपीओ पेश किया और जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया अक्तूबर, 2017 में 11,176 करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई थी। यह आईपीओ भारतीय उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दो दशक के बाद कोई वाहन विनिर्माता कंपनी अपना आईपीओ ला रही है। इससे पहले जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी 2003 में आईपीओ लाई थी। एचएमआईएल ने 1996 में भारत में परिचालन शुरू किया था और यह विभिन्न खंड में 13 मॉडल बेच रही है।

# पतंजलि आयुर्वेद के होम और पर्सनल केयर डिवीजन के अधिग्रहण को मंजूरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने पतंजलि फूड्स लिमिटेड को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (पीएएल) के होम और पर्सनल केयर (एचपीसी) डिवीजन के अधिग्रहण करने को अपनी मंजूरी दे दी है। इस संबंध में आयोग का विस्तृत आदेश बाद में आएगा। सीसीआई ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि प्रस्तावित इस सौदे में पतंजलि फूड्स लिमिटेड (पीएफएल) के द्वारा पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (पीएएल) के गैर-




खाद्य होम एंड पर्सनल केयर (एचपीसी) कारोबार का अधिग्रहण शामिल है। आयोग के मुताबिक पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एचपीसी प्रभाग में बालों की देखभाल, त्वचा की देखभाल, दंत चिकित्सा देखभाल और घरेलू देखभाल खंडों को कवर करने वाले उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

# वित्तीय अनुशासन को लेकर आरबीआई गंभीर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उम्मीद के अनुरूप लगातार 10वीं बार नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। माना जा रहा है कि आरबीआई ब्याज दरों में बदलाव या कमी करने के पहले सितंबर और अक्टूबर के महंगाई के आंकड़ों की भी समीक्षा करेगा। इन दोनों महीनो में भी अगर महंगाई के आंकड़े अनुकूल रहे, तो दिसंबर के महीने में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरों में




कटौती करने का फैसला लिया जा सकता है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) ने पिछले महीने ही ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की थी। यूएस फेड ने इस साल ब्याज दरों में और 50 बेसिस पॉइंट्स तक की कटौती करने का भी संकेत दिया है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती होने के बाद दुनिया के कई देशों में ब्याज दरों में कटौती की गई या राहत पैकेज का ऐलान किया गया। चीन ने हाल में ही राहत पैकेज का ऐलान किया है। इसी तरह न्यूजीलैंड में कल ही ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती करके उनको 5.25 प्रतिशत से 4.75 प्रतिशत के स्तर पर लाया गया है। न्यूजीलैंड में अगस्त के महीने में भी ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी।

आईसीसी टी-20 रैंकिंग

# अर्शदीप करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ आठवें नंबर पर

एजेंसी । नई दिल्ली



भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की टी-20 रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष दस में शुमार हो गए। अर्शदीप बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में आठ स्थान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। उनके 642 रेटिंग अंक हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद शीर्ष पर बने हुए हैं। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दूसरे और अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं।

### ऑलराउंडरों में पांड्या तीसरे स्थान पर पहुंचे

बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 39 रन की पारी खेलने वाले हार्दिक पांड्या बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर 60वें स्थान पर पहुंच गए। वह ऑलराउंडरों की सूची में चार पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष पर हैं। नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी दूसरे स्थान पर हैं।

### सूर्य दूसरे नंबर पर कायम

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर कायम हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गए। उन्हें पाकिस्तान के बाबर आजम ने पीछे छोड़ दिया। रुतुराज गायकवाड़ नौवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड पहले और इंग्लैंड के फिल साल्ट तीसरे नंबर पर हैं। टीम रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बरकरार है।

# अनमोलजीत-एनान का कहर

## अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी से रौंदा

**भारतीय टीम ने सीरीज का 2-0 से सफाया किया**

**तीसरे दिन के खेल में मेहमान टीम के कुल 17 विकेट गिरे**

एजेंसी । चेन्नई

पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह (नौ विकेट) और लेग स्पिनर मोहम्मद एनान (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी से भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे चार दिवसीय टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को और 120 रन से शिकस्त दे दी। इसके साथ ही मेजबान टीम ने सीरीज का 2-0 से सफाया कर लिया।

भारतीय युवा टीम ने मैच के तीसरे दिन बुधवार को कंगारू टीम को पहली पारी में 277 पर समेटने के बाद उसे दूसरी पारी में 95 रन पर ही ढेर करके बड़ी जीत दर्ज की। भारत के पहली पारी में 492 रन के विशाल स्कोर के जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन विकेट पर 142 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया लेकिन दिन भर में 17 विकेट गंवा बैठी।

### मैच के मुख्य आंकड़े

- 09 विकेट अनमोलजीत ने दो पारी में 104 रन देकर झटके
- 07 विकेट मोहम्मद एनान ने हासिल किए, 97 रन देकर
- 90 रन की साझेदारी अनमोल-पंगालिया ने दसवें विकेट के लिए की जो भारत की ओर से युवा टेस्ट में सर्वाधिक है। पिछला रिकॉर्ड इशांत शर्मा और कुलकर्णी का था
- 06 छक्के अपनी शतकीय पारी में लगाकर हरवंश पंगालिया ने अंडर-19 युवा टेस्ट में सर्वाधिक छक्के (4) का विनायक माने का रिकॉर्ड तोड़ा



### कप्तान पिक की शतकीय पारी

मेहमान टीम ने सुबह कल के तीन विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरू किया। उसका चौथा विकेट 208 के स्कोर पर ली यंग (66) के रूप में गिरा जिन्हें अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे। हालांकि इस दौरान कप्तान ऑलिवर पिक ने शतक पूरा किया। उन्हें अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। ऑलिवर ने 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए 117 रन बनाए। कप्तान ओलिवर पीके (143 गेंद में 117 रन) और विकेटकीपर एलेक्स ली यंग (66 रन) ने चौथे विकेट के लिए 166 रन जोड़े। पर ली यंग के आउट होने के बाद अंतिम छह विकेट 59 रन के अंदर गिर गए। अंत में ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी 277 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से लुधियाना के अनमोलजीत और केरल के मोहम्मद एनान ने चार-चार विकेट लिए। समर्थ नागराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### फॉलोऑन पर मजबूर

पहली पारी में 215 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को फॉलोऑन दिया। चार दिवसीय मैच में फॉलोऑन तभी दिया जा सकता है जब दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम 150 रन से ज्यादा से पिछड़ रही हो। पर भारत को 215 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में शुरुआत भी खराब रही। उसने 24 के स्कोर पर रिले किंगसेल (2) का विकेट गंवाया।

टेबल टेनिस

# भारत को 52 साल में महिला टीम स्पर्धा का पहला पदक

- **सेमीफाइनल में जापान ने भारत को 3-1 से हराया**
- **भारत की मनिका बत्रा एक ही मुकाबला जीत सकीं**



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने एशियाई चैंपियनशिप में बुधवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया जो इस स्पर्धा में उनका पहला पदक है। 1972 में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद से महिला टीम स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जापान ने 3-1 से हराया था। दूसरी ओर चीन ने हांगकांग को 3-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल में हाने वाली दोनों टीमों को को कांस्य पदक प्रदान किया गया। इससे पहले भारत ने मंगलवार को खेले गए रोमांचक क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्का किया था।

### मनिका एक मैच जीतीं

अंतिम चार के मुकाबले में भारत की अयहिका मुखर्जी ने जापान की मिवा हरीमोतो को कड़ी टक्कर दी लेकिन 8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11 (2-3) से हार गईं। वहीं मनिका बत्रा ने सत्सुकी ओडो को दूसरे मैच में 11-6, 11-5, 11-8 (3-0) से हराया। अगले मैच में सुतीर्था मुखर्जी को जापान की मिमा इतो ने 11-9, 11-4, 15-13 से शिकस्त दी। फिर मनिका रिवर्स सिंगल में हरिमोतो से 3-11, 11-6, 2-11, 3-11 से हार गईं।

# श्रीलंकाई चयन समिति के अध्यक्ष थरंगा के खिलाफ वारंट



**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति के अध्यक्ष उपुल थरंगा के खिलाफ 8 अक्तूबर को अदालत में पेश नहीं होने के कारण गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में बुधवार को यह जानकारी दी गई। डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, मटाले उच्च न्यायालय द्वारा जारी वारंट मैच फिक्सिंग को मामले से जुड़ा है जिसमें कैंडी में आयोजित लीजेंड्स लीग टूर्नामेंट शामिल है। रिपोर्ट में बताया गया कि थरंगा वर्तमान में अमेरिका में हैं जहां वह एक फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

# विलिम्यसन टेस्ट सीरीज के शुरुआती चरण से बाहर

एजेंसी । आकलैंड

केन विलियम्सन भारत के खिलाफ 16 अक्तूबर से शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के शुरुआती चरण में ग्रोइन की चोट के कारण बाहर रहेंगे। उनके कवर के तौर पर मार्क चैपमेन को न्यूजीलैंड की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। टॉम लाथम टीम के कप्तान होंगे क्योंकि टिम साउदी ने कप्तानी से किनारा कर लिया है। हरफनमौला मिचेल ब्रासवेल को बेंगलुरु में होने वाले पहले टेस्ट के लिए टीम में जगह मिली है। स्पिनर ईश सोढी दूसरा और तीसरा टेस्ट खेलेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, विलियम्सन को श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान चोट लगी थी। उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में समय लगेगा। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, हमें सलाह दी गई है कि केन को लेकर जोखिम लेने की बजाय उसे कुछ और आराम करने देना चाहिए। केन का शुरुआती चरण में नहीं होना निराशाजनक है लेकिन इससे किसी और को इस अहम सीरीज में खेलने का मौका मिलेगा।




### नंबर गेम

- 17 सदस्यीय टीम घोषित की न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए
- 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होगा तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला

**टीम :** टॉम लाथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रासवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉन्वे, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, विल ओ राउरकी, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, बेन सीयर्स, ईश सोढी, टिम साउदी, केन विलिमम्सन, विल यंग।

# 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' देशभर के सिनेमाघरों में होगी रिलीज

इस साल निर्देशक पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' खूब चर्चा में रही। 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार भारतीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म का खूब जलवा देखने को मिला। इस फिल्म ने कान्स का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार ग्रैंड प्रिक्स जूरी प्राइज अपने नाम किया और यह पुरस्कार जीतने वाली पायल भारत की पहली महिला निर्देशक बन गईं। बहरहाल, अब खबर है कि यह फिल्म भारत में रिलीज होने वाली है।



### MAMI फिल्म फेस्टिवल का भव्य आगाज करेगी फिल्म

'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' नवंबर में देशभर के सिनेमाघरों में आएगी, फिर MAMI मुंबई फिल्म फेस्टिवल में इसका प्रीमियर होगा। इसी के साथ फिल्म महोत्सव का आगाज होगा। यह मलयालम-हिंदी फिल्म राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस स्पिरिट मीडिया द्वारा केरल में सीमित स्क्रीन पर रिलीज हुई थी। पायल बोलीं, ११मैं भारत में फिल्म की रिलीज के लिए बहुत उत्साहित हूं। उम्मीद है बहुत से लोग इसे देखने जाएंगे। किसी भी फिल्म निर्माता के लिए यह एक अद्भुत एहसास है।

### फिल्म ने कान्स में बढ़ाया था भारत का मान

'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' का प्रीमियर 23 मई को 2024 कान्स फिल्म फेस्टिवल में मुख्य प्रतियोगिता में किया गया था। तब इसे देख दर्शकों ने खड़े होकर 8 मिनट तक तालियां बजाई थीं। इस फिल्म फेस्टिवल में 30 साल बाद किसी भारतीय फिल्म का प्रीमियर किया गया। फिल्म ने पुरस्कार भी जीता था। ये फिल्म इस समाज में महिला होने, एक महिला का जीवन और उनकी आजादी जैसे मसलों पर बात करती है।

# सनी देओल लेकर आएंगे भगवान हनुमान की कहानी

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' लंबे समय से चर्चा में है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम तो साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं, वहीं भगवान हनुमान की भूमिका के लिए काफी समय से सनी देओल का नाम चर्चा में है। उनके नाम पर पक्की मोहर तो पहले ही लग चुकी थी और खबर यह भी आई थी कि वह 'रामायण' में कैमियो करते दिखेंगे। अब सनी के किरदार से जुड़ी नई जानकारियां सामने आई हैं।



इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, सनी 'रामायण' ट्रायलॉजी का हिस्सा हैं। हालांकि, पहले भाग में उनकी भूमिका अहम नहीं होगी, वहीं दूसरे भाग की कमान सनी ही संभालेंगे। निर्देशक सनी के किरदार हनुमान को लेकर अलग से एक फिल्म बनाने की सोच रहे हैं, जो हनुमान की गाथा पर आधारित होगी। जहां पहला भाग राम-सीता और सीता के अपहरण पर केंद्रित होगा, वहीं दूसरे भाग की कहानी बजरंगबली के इर्द-गिर्द घूमती दिखेगी, जिसके लिए सनी को चुना गया है। भगवन हनुमान को उनकी शक्ति के लिए जाना जाता है और इस किरदार को पूरी शिद्दत के साथ निभाने के लिए सनी से बेहतर शायद ही कोई और है। पहले भाग में भगवान हनुमान और भगवान राम के बीच के अद्भुत तालमेल को शानदार तरीके से पेश किया जाएगा।

# 'भूल भुलैया 3' का ट्रेलर जारी



इस साल कई बड़ी फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली हैं। इनमें से एक 'भूल भुलैया 3' भी है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और विद्या बालन दर्शकों को हंसाने के साथ डराने के लिए भी तैयार हैं। फिल्म से जुड़ीं कई रोचक जानकारियां सामने आ चुकी हैं। फिल्म के पोस्टर और टीजर पहले ही इसकी रिलीज को लेकर उत्सुकता बढ़ा चुके हैं और अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में विद्या एक बार फिर अपने खौफनाक अवतार से डरा रही हैं , वहीं रूह बाबा बने कार्तिक का बेखौफ अंदाज भी देखते ही बनता है। मंजुलिका के भेष में माधुरी दीक्षित, रूह बाबा की नाक में दम करती दिख रही हैं। उधर ट्रेलर में तृप्ति डिमरी और कार्तिक के रोमांस का तड़का भी लगाया गया है। संजय मिश्रा, राजपाल यादव और विजय राज के किरदार भी मजेदार हैं।

कुल मिलाकर ट्रेलर हॉरर और कॉमेडी का बढ़िया मेल है।

कार्तिक ने 'भूल भुलैया 2' में भी रूह बाबा का किरदार निभाया था, जो भूत-प्रेत पर विश्वास नहीं करता, लेकिन जब उसका सामना भूतों से होता है तो उसकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती है और वह बुरी तरह घबरा जाता है। फिल्म में इस बार कियारा आडवाणी की जगह तृप्ति ने ली है। 'भूल भुलैया 2' में कार्तिक और कियारा का रोमांस देखने को मिला था और तब्बू ने डबल रोल किया था, वहीं तीसरी किस्त में विद्या दिखाई देंगी। 'भूल भुलैया 3' की टक्कर फिल्म 'सिंघम अगेन' से होगी। दोनों ही दिवाली के मौके पर 1 नवंबर को थिएटर में दस्तक दे रही हैं। हालांकि बीच में खबर थी कि दोनों में से कोई एक अपनी रिलीज डेट आगे-पीछे कर रहा है, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। दोनों ही फिल्में बड़ी हैं। कार्तिक की फिल्म हॉरर-कॉमेडी है तो अजय देवगन की फिल्म एक्शन-ड्रामा से भरपूर है।

# 'द नाइट एजेंट 2' की स्ट्रीमिंग से पहले सीजन 3 का एलान



नेटफ्लिक्स की साल 2023 की टॉप सीरीज 'द नाइट एजेंट' के दूसरे सीजन का फर्स्ट लुक जारी हो गया है। साथ ही सीजन 3 पर भी अपडेट दिया गया है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने आगे के खतरे को छेड़ा है, यह पुष्टि करते हुए कि अगले सीजन पर भी कलाकारों के साथ काम चल रहा है। जो सीजन 2 की तैयारी कर रहे हैं। रोमांचक सीजन 1 के बाद आगे की कहानी का इंतजार कर रहे प्रशंसक उम्मीद कर सकते हैं कि एफबीआई एजेंट पीटर सदरलैंड हर जगह से खतरे से घिरा होगा। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म द्वारा साझा किए गए आधिकारिक सारांश में, एपिसोड निम्न-स्तरीय एफबीआई एजेंट पीटर सदरलैंड का अनुसरण करना जारी रखेंगे, जिनके सीजन 1 में राष्ट्रपति को बचाने के प्रयासों ने उन्हें सीजन 2 में नाइट एजेंट बनने का अवसर दिलाया। लेकिन नाइट एक्शन के गुप्त संगठन में काम करना पीटर को एक ऐसी दुनिया में ले जाएगा जहां खतरा हर जगह है, और विश्वास किसी पर नही किया जा सकता है। इस बीच, नेटफ्लिक्स ने दावा किया कि सीजन 3 का निर्माण 2024 के आखिरी महीने में होगा, और शूटिंग इस्तांबुल में होगी। जहां तक 2025 की बात है, बाकी हिस्से को पूरा करने के लिए कलाकार न्यूयॉर्क लौट आएंगे।

राष्ट्रपति की हत्या की साजिश को नाकाम करने के बाद पीटर और रोज के सफल मिशन के साथ सीजन 1 समाप्त हुआ। जबकि पीटर को रातों-रात नाइट एजेंट बनने के लिए प्रमोट किया जाता है और रोज को पीछे छोड़ दिया जाता है।

न्यूज ब्रीफ

### गुणवत्ता मानकों को पूरा न करने वाली दवाओं को वापस करने का आदेश

**नई दिल्ली।** भारत के दवा नियामक ने बुधवार को जानकारी दी कि करीब 45 दवा निर्माताओं को गुणवत्ता मानकों को पूरा करने के लिए के कारण अपने उत्पादों को वापस लेने को कहा गया है। साथ ही, पांच नकली दवा निर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई कार्रवाई भी शुरू की गई है। केंद्रीय दवा मानक नियंत्रक संगठन (सीडीएससीओ) के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) राजीव सिंह रघुवंशी ने सीआईआई फार्मा और लाइफ साइंसेज शिखर सम्मेलन से इतर पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया है कि पचास नकली दवाओं पर प्रतिबंध लगाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। ये नकली दवाएं नहीं हैं, गुणवत्ता के पैमाने पर खरी नहीं उतर रही हैं। दोनों चीजों में अंतर है।

### नकली नोट दिल्ली लाने के मामले में युवक दोषी करार

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने बांग्लादेश से बिहार के रास्ते नकली नोट लाने के एक मामले में युवक को दोषी करार दिया है। मामला 2018 में स्पेशल सेल की ओर से की गई गिरफ्तारी से जुड़ा हुआ है। गिरफ्तार मोहम्मद मुमताज अंसारी के पास से कुल दो लाख रुपए कीमत के नकली नोट बरामद हुए थे। एडिशनल सेशन जज डॉ. हरदीप कौर की अदालत ने कहा कि नकली नोट देश के विरुद्ध आर्थिक युद्ध की तरह है। स्पेशल सेल द्वारा कोर्ट में दाखिल रिपोर्ट के अनुसार मुमताज अंसारी को 11 अगस्त 2018 को दो बजे लोधी कॉलोनी इलाके में लोकल इंटेलीजेंस रिपोर्ट के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के पास से दो-दो हजार रुपए के कुल 100 नकली नोट बरामद किए गए थे।

### आप विधायक की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली वक्फ बोर्ड मामले में आरोपी आप विधायक अमानतुल्लाह खान के आवेदन पर राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई है। इस दौरान स्पेशल जज विशाल गोगने ने संबंधित जज राकेश सयाल की अनुपस्थिति में सुनवाई की। अमानतुल्लाह की तरफ से आवेदन कर ग्लूकोमीटर और इलेक्ट्रिक केतली की मांग की गई थी। जेल प्रशासन की ओर से अदालत को बताया गया कि जेल में नियमित तौर पर गर्म पानी उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त विधायक की दिन में दो बार ब्लड शुगर लेवल की जांच की जाती है। ऐसे में अतिरिक्त ग्लूकोमीटर या इलेक्ट्रिक केतली देने का औचित्य नहीं है। जेल प्रशासन की दलीलों से सहमत होते हुए अदालत ने आवेदन का निस्तारण किया।

### सेना का जवान राइफल, 60 कारतूत-4 मैगजीन के साथ गिरफ्तार

**खटीमा।** सेना का जवान इंसास राइफल, 60 कारतूस, चार मैगजीन के साथ उत्तराखंड के उधमसिंहनगर जिले के खटीमा में गिरफ्तार हुआ है। सेना के हथियार चोरी करने के बाद से जवान फरार चल रहा था। जवान के से पुलिस ने राइफल, कारतूस और मैगजीन समेत सारा सामान बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ असम में आर्म्स एक्ट और हथियार चोरी में मुकदमा दर्ज है। खटीमा पुलिस ने भी चोरी के सामान की बरामदगी का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

# कैबिनेट ने राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर के विकास को मंजूरी दी

## गुजरात के लोथल में किया जाएगा विकसित, 22 हजार नौकरियां सृजित होने की संभावना

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर नेशनल मेरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी) के विकास को मंजूरी दे दी। यह प्रोजेक्ट दो चरणों में पूरा होगा। इस परियोजना के विकास में 15 हजार प्रत्यक्ष रोजगार और सात हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के साथ लगभग 22 हजार नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।केंद्रीय कैबिनेट ने मास्टर प्लान के अनुसार स्वैच्छिक संसाधनों और योगदान के माध्यम से धन जुटाकर और बाद में कुल दो चरणों में क्रियान्वयन को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। उल्लेखनीय है कि चरण 1बी के तहत लाइट हाउस संग्रहालय का निर्माण होगा। इसे लाइटहाउस और लाइटशिप महानिदेशालय डीजीएलएल द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा।



### अलग सोसायटी के माध्यम से कार्यान्वयन होगा

लोथल में एनएमएचसी के कार्यान्वयन, विकास, प्रबंधन और संचालन के लिए सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री की अध्यक्षता में एक गवर्निंग काउंसिल द्वारा शासित एक अलग सोसायटी की स्थापना की जाएगी। यह भविष्य के चरणों के विकास के लिए काम करेगी।

### चरण 1ए का काम 2025 तक होना है पूरा

इस प्रोजेक्ट का चरण 1ए का काम जारी है और इसमें 60 प्रतिशत भौतिक प्रगति देखने को मिली है। इसे 2025 तक पूरा किया जाना है। परियोजना के चरण 1ए और 1बी को ईपीसी मोड में विकसित किया जाएगा और एनएमएचसी को विश्व स्तरीय विरासत संग्रहालय के रूप में स्थापित करने के लिए परियोजना के चरण 2 को भूमि को सब लीजिंग और सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से विकसित किया जाएगा।

### विकास को बढ़ावा मिलेगा

एनएमएचसी के कार्यान्वयन से विकास को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय समुदायों, पर्यटकों और आगंतुकों, शोधकर्ताओं और विद्वानों, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण और संरक्षण समूहों, व्यवसायों को काफी मदद मिलेगी।

### हजारों साल पुरानी समुद्री विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि करीब पांच हजार वर्ष पहले की विरासत को संजोकर इसका निर्माण किया जाएगा। भारत की हजारों साल पुरानी समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय लोथल में एक विश्व स्तरीय राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएचएमसी) स्थापित कर रहा है। एनएमएचसी का मास्टर प्लान प्रसिद्ध आर्किटेक्चर फर्म मेसर्स आर्किटेक्ट हफीज कॉन्ट्रेक्टर द्वारा तैयार किया गया है और चरण 1ए का निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को सौंपा गया है।

# हरियाणा में हार के बाद कांग्रेस पर सहयोगियों का दबाव बढ़ा

- महाराष्ट्र और झारखंड में सहयोगी दलों के साथ कम हुई मोल-तोल की ताकत
- इंडिया गठबंधन के घटकदलों ने दी नसीहत, सपा ने घोषित किए छह प्रत्याशी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव में कांग्रेस की शिकस्त से महाराष्ट्र तथा झारखंड में पार्टी की सियासी ताकत कम हुई है। चुनाव से ठीक पहले हुई इस हार से इंडिया गठबंधन के घटकदलों की मोल-तोल की ताकत बढ़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की पार्टी के पुनरुद्धार करने की कोशिशों को भी झटका लगा है।



### मोल-तोल की ताकत कम हुई

कांग्रेस की हार के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में पार्टी की सहयोगी दलों के साथ मोल-तोल की ताकत कम हुई है। पार्टी अब सहयोगी दलों पर अधिक सीट लेने का ज्यादा दबाव नहीं बना पाएगी। इसका असर दिखने भी लगा है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को भरोसे में लिए बगैर विधानसभा उपचुनाव के लिए दस में से छह सीट पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।

### महाराष्ट्र में भी शिवसेना ने दिखाए तेवर

महाराष्ट्र में भी शिवसेना ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शिवसेवा (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कांग्रेस की तरफ इशारा करते हुए कहा है कि कश्मीर में इंडिया गठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा था। हरियाणा में कांग्रेस को लगता था कि वह खुद ताकतवर हैं और जीत जाएंगे, इससे साफ है कि शिवसेना अधिक सीट मांगेगी और कांग्रेस को जबरदस्त मोल-भाव करना पड़ेगा।

### झारखंड में ज्यादा सीट लेने का दबाव बनाना मुश्किल

झारखंड में कांग्रेस अब झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के साथ ज्यादा सीट लेने का दबाव नहीं बना पाएगी। पार्टी को अपने रोटेशन पर मुख्यमंत्री बनाने की मांग से भी पीछे हटना पड़ेगा। इससे जेएमएम की मोल-तोल की ताकत बढ़ी है। राजद ने भी हार पर कांग्रेस को आत्ममंथन की सलाह देते हुए गठबंधन के सिद्धांतों का पालन करने की नसीहत दी है। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी पार्टी को नसीहत दी है। टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने कांग्रेस का नाम लिए बगैर कहा कि अगर लगता है कि हम जीत रहे हैं, तो किसी क्षेत्रीय पार्टी से गठबंधन नहीं करेंगे, यह रवैया हार का कारण बना। हमें क्षेत्रीय दलों को जगह देनी चाहिए। 'आप ने भी साफ कर दिया कि वह दिल्ली में कांग्रेस के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। हरियाणा में हार के फौरन बाद यूपी में सपा ने कांग्रेस को झटका दिया है। सपा ने छह सीट पर एक तरफा उम्मीदवार घोषित करते हुए उन दो सीट पर भी प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया, जिन पर गठबंधन में कांग्रेस दावेदारी जता रही थी। कांग्रेस मझवां और फूलपुर सीट मांग रही थी। समाजवादी पार्टी के इस कदम को कांग्रेस पर दबाव बनाने के तौर पर देखा जा रहा है।

# 'महाराष्ट्र और झारखंड में दोहराएगा हरियाणा का परिणाम'

## चंद्रबाबू नायडू ने की भविष्यवाणी

**एजेंसी । अमरावती**

हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम मंगलवार को जारी कर दिए गए हैं। भाजपा ने हरियाणा में पूर्ण बहुमत हासिल किया है तो वहीं, जम्मू-कश्मीर में भी रिकॉर्ड 29 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस का प्रदर्शन दोनों ही राज्यों में खराब रहा है। भाजपा की इस जीत पर एनडीए के सहयोगी दलों की ओर से भी बधाई आ रही है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने अब आगामी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर ऐसी भविष्यवाणी की है जो भाजपा को खुश कर सकती है।



### महाराष्ट्र और झारखंड में भी दोहराएगा परिणाम : नायडू

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम भी हरियाणा के जैसे ही आएंगे। नायडू ने कहा कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे पूरा भरोसा है कि ऐसा होगा। चंद्रबाबू नायडू ने ये भी कहा कि जम्मू कश्मीर में न केवल सामान्य स्थिति बहाल हुई है, बल्कि भाजपा वहां अकेली सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है।

### एक देश-एक चुनाव पर भी बोले नायडू

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ की और कहा कि देश को 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का समर्थन करने की जरूरत है क्योंकि बार-बार चुनाव होने से विकास कार्य बाधित होंगे। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा में भाजपा की जीत और जम्मू कश्मीर में मत प्रतिशत एक ऐतिहासिक जीत है।

### नीतीश कुमार ने भी दी बधाई

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी बधाई दी है। नीतीश कुमार ने कहा- ₹हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने पर भारतीय जनता पार्टी को बधाई एवं शुभकामनाएं। हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व पर अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है।₹ वहीं, जदयू के सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने भी कहा है कि हरियाणा चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया है कि पीएम मोदी अभी भी देश में लोकप्रिय हैं। उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है।

# हरियाणा चुनाव नतीजों से नाराज कांग्रेस

- VVPAT की जांच के लिए EC के सामने रखीं शिकायतें

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों पर असंतोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की। मीटिंग में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चुनावी अनियमितताओं और ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगाए। कांग्रेस ने इस मुलाकात में 20 से अधिक शिकायतों का हवाला देते हुए 7 प्रमुख क्षेत्रों से लिखित शिकायतें भी पेश कीं। पार्टी का आरोप है कि कुछ ईवीएम मशीनें 99% क्षमता पर दिख रही थीं, जो सामान्य स्थिति नहीं है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से इन मशीनों की तत्काल जांच और वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम से मिलान करने की मांग की है, ताकि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर उठे सवालों का समाधान हो सके। चुनाव आयोग से मीटिंग के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि हमने चुनाव आयोग को 20 शिकायतों की जानकारी दी, जिनमें से 7 शिकायतें लिखित रूप में 7 विधानसभा क्षेत्रों से हैं।

# डॉक्टरों का सामूहिक इस्तीफा दिखा अप्रभावी

## राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं काफी हद तक अप्रभावित

**एजेंसी । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को दावा किया कि राज्य के कई मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में वरिष्ठ डॉक्टरों की तरफ से जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए दिए गए सामूहिक इस्तीफे से अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि राज्य भर में चल रहे दुर्गा पूजा उत्सव के कारण बाह्य रोगी विभाग में मरीजों की आमद काफी कम रही, हालांकि वरिष्ठ और जूनियर डॉक्टर, आरएमओ और सहायक प्रोफेसर अपने नियमित कर्तव्यों का पालन करने के लिए पश्चिम बंगाल के अस्पतालों में मौजूद थे।

### जूनियर और वरिष्ठ डॉक्टरों का प्रदर्शन

इसी बीच आज कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में जूनियर और वरिष्ठ डॉक्टरों और नर्सों ने प्रदर्शन किया और आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की शिकार महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की।



### स्वास्थ्य विभाग को सामूहिक इस्तीफे की सूचना नहीं

स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया, हमें अभी तक डॉक्टरों की तरफ से सामूहिक इस्तीफे के संबंध में कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। सामूहिक इस्तीफे की पेशकश करने का ऐसा कोई मानदंड नहीं है। यदि लोग इस्तीफा देना चाहते हैं, तो उन्हें एक निश्चित प्रक्रिया का पालन करना होगा। हालांकि, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं क्योंकि आज किसी भी अस्पताल में कोई भी डॉक्टर अनुपस्थित नहीं था।

# कांग्रेस विधायक पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ FIR

**एजेंसी । बंगलूरू**

देश के आईटी हब यानी बंगलूरू में कांग्रेस के एक विधायक विनय कुलकर्णी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है। एक सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। वहीं, अब विधायक ने संजय नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दी, जिसके बाद 34 साल की महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें, महिला का कहना है कि विधायक कुलकर्णी उसे वीडियो कॉल करते थे और जानबूझ कर अश्लील बातें करते थे। उसने दुष्कर्म, अपहरण और धमकी देने का आरोप लगाया है। कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी के खिलाफ एफआईआर पर कर्नाटक के शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने कहा, 'कानून अपना काम करेगा। अगर कुछ हुआ है तो कानून सही फैसला लेगा।'


कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण और आपराधिक धमकी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि संजय नगर पुलिस थाने में 34 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा की गई शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया। शिकायत में धारवाड़ के विधायक पर पीड़ित को फोन और वीडियो कॉल करने का आरोप लगाया गया है।

सियासी संग्राम | सीएम आतिशी को अब तक आवंटित नहीं

# पूर्व सीएम केजरीवाल का 'शीशमहल' सील

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अरविंद केजरीवाल का पुराना आवास (6 फ्लैग ऑफ रोड, सिविल लाइन) को सील कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रहने के दौरान अरविंद केजरीवाल पिछले दस साल से इसी आवास में रह रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री पद से 17 सितंबर को इस्तीफा देने के बाद इसी नवरात्रि में उन्होंने इसे खाली कर दिया था। केजरीवाल यह मानकर चल रहे थे कि उनके बाद यह आवास उनकी पार्टी से बनने वाले अगले मुख्यमंत्री को अलॉट कर दिया जाएगा। लेकिन अधिकारियों ने नियमों का हवाला देते हुए इसमें अड़ंगा लगा दिया है।



### खुलेगा विवादों का नया पिटारा

दरअसल, आरोप है कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहने के दौरान इस आवास के पुनर्निर्माण में भारी खर्च किया था। मीडिया में शीश महल के नाम से नवाजे जा चुके इस आवास में विलासिता की महंगी वस्तुओं को लाया गया था। इसके पर्दे, मार्बल से लेकर टॉयलेट सीट तक को लेकर काफी विवाद खड़ा किया गया था। अब तक इस आवास में किसी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वंचित था, लिहाजा इस अनियमितता की बातें निकलकर बाहर नहीं की आ रही थीं, लेकिन अब यह आवास पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में आ गया है। अब इसमें किसी 'बाहरी' व्यक्ति के प्रवेश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे नया विवाद पैदा हो सकता है।

**आवास के पुनर्निर्माण में नियमों की भारी अनियमितता :** आरोप है कि इस आवास के पुनर्निर्माण में नियमों की भारी अनियमितता की गई थी। आरोप है कि भवन के विकास के लिए नक्शा पास नहीं कराया गया था। साथ ही आरोप है कि भवन के पुनर्निर्माण में यहां के पेड़ों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। अब इसकी जांच के बहाने अधिकारियों ने इस आवास को सील कर दिया है। आरोप है कि केजरीवाल ने इस आवास के पुनर्निर्माण में भारी वित्तीय अनियमितता की थी। अब इस आवास से विवादों का नया जिन्न पैदा हो सकता है जो आने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव को प्रभावित कर सकता है। मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने इस आवास को हासिल करने के लिए उचित तरीके से आवेदन किया था, लेकिन आरोप है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने इस पर अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। आतिशी मारलेना को पहले से ही मथुरा रोड पर एक आवास आवंटित किया गया है। फिलहाल वे अपने उसी आवास में रह रही हैं।

# ब्रिटेन में नहीं होगी 'खोपड़ी' की नीलामी

**नई दिल्ली । लंदन**

ब्रिटेन के एक नीलामी घर ने बुधवार को लाइव ऑनलाइन बिक्री के लिए रखी गई 2.30 लाख रुपए कीमत वाली 'नगा इंसानी खोपड़ी' को वापस ले लिया है। यह कदम भारत में उठे आक्रोश और विरोध प्रदर्शन के बाद उठाया गया है।

## 2.30 लाख रुपए थी कीमत

### नीलामी के लिए रखी गई थी इंसानी खोपड़ी



ऑक्सफोर्डशायर के टेट्सवर्थ में स्वान नीलामी घर में 'द क्यूरियस कलेक्टर सेल, एंटिक्वेरियन बुक्स, पांडुलिपियों और पेंटिंग्स' के हिस्से के रूप में दुनियाभर से प्राप्त खोपड़ियों और अन्य अवशेषों की एक श्रृंखला उपलब्ध कराई गई थी। इसमें लॉट नंबर 64 के रूप में नगा जनजाति की 19वीं सदी की सींग वाली नगा इंसानी खोपड़ी को नीलामी के रखा गया था।

### नेफ्यू रियो ने किया विरोध प्रदर्शन

इसके परिणामस्वरूप नगालैंड में मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने इस बिक्री को रोकने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने विदेश मंत्री से आग्रह किया कि इस मामले को लंदन में भारतीय उच्चायोग के समक्ष उठाएं ताकि यह सुनिश्चित हो कि फोरम फार नागा रिकंसिलिएशन (एफएनआर) द्वारा इस मामले पर चिंता जताए जाने के बाद खोपड़ी की नीलामी रोकी जा सके।

### क्या है एफएनआर का दावा?

एफएनआर ने दावा किया था कि मानव अवशेषों की नीलामी, संयुक्त राष्ट्र के स्वदेशी लोगों के अधिकारों की घोषणा (यूएनडीआरआईपी) के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है। इसके बाद एफएनआर ने बिक्री की निंदा करने और इसे नगालैंड भेजने के लिए सीधे नीलामी घर से संपर्क किया। यह संगठन दुनियाभर के कई स्वदेशी समूहों में से एक है जो वर्तमान में संग्रहालय में रखी कलाकृतियों के बारे में आक्सफोर्ड में पिट रिवर संग्रहालय के साथ बातचीत कर रहा है। वहीं, इस खोपड़ी के विवरण में लिखा गया था कि यह टुकड़ा मानव विज्ञान और जनजातीय संस्कृतियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले संग्राहकों के लिए विशेष रूप से दिलचस्पी भरा होगा। इस नगा खोपड़ी की कीमत 2.30 लाख रुपए रखी गई थी और नीलामी घर को इससे 4.30 लाख रुपए मिलने की उम्मीद थी।